जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



## जिंदगी जीती

# काम पूरा, जल्द बाहर आयेंगे मजदूर

### सुरंग में डाला गया आखिरी पाइप, एनडीआरएफ की टीम तैयार, एम्बुलेंस सुरंग के भीतर पहुंची



**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में टनल में फंसे मजदूरों को जल्द निकाल लिया जाएगा। रेस्क्यू टीमें रैट होल माइनिंग और सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग कर रही हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही मजदूरों को बाहर निकाला जा सकता है। रेस्क्यू टीमों ने मजदूरों के परिजनों से उनके कपड़े और बैग तैयार रखने को कहा है। मजदूरों को निकालने के बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सुरंग में खुदाई का काम पूरा हो चुका है बाबा बौख नाग जी की कृपा से सभी श्रमिक भाईयों को बाहर निकाल लिया जायेगा। आखिरी पाइप भी डाला जा चुका है। सुरंग के बाहर एनडीआरएफ की टीम पूरी तरह तैयार है और सुरंग के बाहर एम्बुलेंस भी खड़ी हुई है। उत्तराखंड सरकार की ओर से बताया गया है कि कुछ ही समय में सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जायेगा। खबर लिखे जाने तक सुरंग के बाहर हलचल तेज हो गई थी।

### सुरंग में लगे जय माता दी के नारे

*उत्तरकाशी की टनल में फंसे मजदूर कुछ ही घंटों में बाहर आ सकते हैं। टनल के बाहर खबर लिखे जाने तक हलचल तेज हो गयी थी। टनल के अंदर एम्बुलेंस को भी ले जाया जा रहा है; वहीं टनल के अंदर से जय माता के नारों की आवाज गूंज रही थी; खबर लिखे जाने तक टनल में स्टेच्चर और गददे ले जाए जा रहे थे, मेडिकल टीम भी सुरंग के बाहर खड़ी हुई थी।*

### प्रधानमंत्री ने किया फोन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी आज सुबह उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को फोन कर राहत बचाव कार्य की जानकारी ली।

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि 52 मीटर तक पाइप डाले जा चुके हैं। 57 मीटर दूरी तक पाइप डाले जाने हैं। उन्होंने बताया कि 10 मीटर तक मलबा खोदा जाना था। 4-5 मीटर खुदाई की जा चुकी है. पाइप भी डाले गए हैं। विशेषज्ञ मजदूरों की टीम रैट-होल खनन तकनीक का इस्तेमाल कर हाथ से मलबा हटा रही है। इसके बाद इसमें 800 मिमी व्यास वाले पाइप डाले जा रहे हैं।

### रैट माइनर्स का कमाल

टनल में 54 मीटर पाइप डाले जा चुके हैं। अब रैट माइनर्स मजदूरों से सिर्फ 2 मीटर दूर हैं। माना जा रहा है किसी भी वक्त मजदूरों का रेस्क्यू किया जा सकता है।

## काले पकड़े पहनकर सदन में पहुंचे सपाई





**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का चार दिवसीय शीतकालीन सत्र शुरू हो गया है। पहले दिन ही समाजवादी पार्टी के विधायकों ने सदन में लागू की गई नई नियमावली को तोड़ा और काले कपड़े पहनकर विधानसभा पहुंचे। सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित सभी सदस्यों ने भाजपा के दिवंगत नेता (शेष-3 पर)

### जनता की आवाज को दबा रही है सरकार : अखिलेश



सदन में विपक्ष के नेता व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी सरकार बिजली, पानी और सड़क के मोर्चे पर पूरी तरह असफल साबित हुई है। सरकार खेती, किसानी और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर भी नाकाम हुई है। सरकार सदन चलाने से भागती है और संवाद नहीं करना चाहती है। सरकार ने इसलिए छोटा सत्र बुलाया है। सरकार जनता और विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है।

## अशोक यादव हत्याकांड में 8 लोगों पर एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र में बीते रात आयोजित शादी समारोह में हुई हत्या के मामले में आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीम में गठित की गई है। इस मामले में पुलिस ने कई संदिग्ध लोगों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।



ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित फार्म हाउस में आयोजित शादी समारोह में बीती रात होशियापुर गांव निवासी अशोक यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अशोक यादव के समधी शेखर ने वाद विवाद के बाद उसे गोली मार दी थी। अशोक यादव को (शेष पृष्ठ-3 पर)

## समय पर ड्यूटी पर आएं डाक्टर व स्टाफ : मनीष वर्मा

### जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने निर्देश दिये कि जिला अस्पताल में डाक्टर व अन्य स्टाफ समय पर ड्यूटी पर उपस्थित हों तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थिति पंजिका की रोजाना मॉनीटरिंग करें। जिलाधिकारी ने आज सेक्टर-79 स्थित जिला अस्पताल का दौरा करने के बाद उक्त निर्देश दिये।



जिलाधिकारी ने बाल रोग विभाग, ए.आर.वी., डिस्पेंसरी, जन औषधि स्टोर एवं ओपीडी डिपार्टमेंट का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को सभी स्वास्थ्य सेवाएं मानकों के अनुरूप बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जाए और प्रदेश सरकार द्वारा जो स्वास्थ्य (शेष-3 पर)

## राहुल पंवार बने गौतमबुद्धनगर के बेसिक शिक्षा अधिकारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** शासन ने आज शिक्षा विभाग के पांच अधिकारियों का विभिन्न स्थानों पर स्थानांतरण किया है। इसी के तहत राहुल पंवार को गौतमबुद्धनगर का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) बनाया गया है। श्री पंवार इसी जनपद में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में वरिष्ठ प्रवक्ता के पद पर तैनात हैं। इसी कड़ी में हरदोई में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में वरिष्ठ प्रवक्ता के पद पर तैनात राम प्रवेश को लखनऊ का बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज में राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य सुश्री उपासना रानी वर्मा को कन्नौज का बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा बाराबंकी में जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान में वरिष्ठ प्रवक्ता के पद तैनात हरिकेश यादव का ललितपुर का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पुलिस को देख भागा बदमाश मुठभेड़ में एक हुआ लंगड़ा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। जबकि इसका एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। बदमाश के पास से वारदात में प्रयुक्त बाइक, तमंचा, कारतूस व लूट गया मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार पुलिस टीम के साथ बिसरख गोल चक्कर पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने काले रंग की पल्सर बाइक पर आ रहे दो युवकों को जांच के लिए रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार बाइक मोडकर भाग निकले। संदेह के आधार पर पुलिसकर्मियों ने पीछा किया। सेक्टर- 2,3 की तरफ रास्ता बंद होने के कारण बदमाश गड़बड़ा गए और हड़बड़ी में उनकी बाइक फिसल गई। खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। जबकि दूसरा पुलिस को चकमा देकर भाग निकला।

थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम मनोज चतुर्वेदी पुत्र घनश्याम चतुर्वेदी निवासी आजाद मार्केट लाइब्रेरी रोड दिल्ली सदर बाजार बताया। मनोज चतुर्वेदी ने अपने फरार साथी का नाम अतृषि दीक्षित बताया। पकड़े गए बदमाश ने बताया कि उसके पास से बरामद मोबाइल उसने अपने साथी के साथ मिलकर यथार्थ अस्पताल के पास एक महिला से छीना था। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है और इसके आपराधिक इतिहास की हड़ताल की जा रही है। पुलिस इसके फरार साथी की भी तलाश कर रही है।

## बिल्डर व बैंक मैनेजर ने डकार लिए लोन के 60 लाख रुपए

### 4 साल बाद भी नहीं मिला फ्लैट

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में अपना आशियाना बनाने का सपना देखने वाले अपनी जमा पूंजी ठगों के हाथों गंवा रहे हैं। ठगों के इस गिरोह में बिल्डरों का साथ जाने-माने बैंकों के मैनेजर व कर्मचारी भी दे रहे हैं। ऐसी ही एक ठगी का शिकार हुए व्यक्ति ने



बिल्डर दो बैंकों के मैनेजर व कर्मचारियों पर 60 लाख रुपए ठगने का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश के बाद पीड़ित ने थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया है।

मथुरा जिले के ग्राम मुकंदपुर निवासी वेदपाल सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताएं कि उसने मैसर्स यूनिवर्स डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की आवासीय योजना में वर्ष 2019 में अपने व अपनी पत्नी रीना देवी के नाम दो फ्लैट बुक कराए थे। इस दौरान बिल्डर कंपनी के डायरेक्टर व कर्मचारियों ने उन्हें आश्वासन दिया कि 2 साल के भीतर उन्हें फ्लैट पर कब्जा दे दिया जाएगा। बिल्डर ने लोन के लिए उनकी मुलाकात आईडीबीआई बैंक व करूर वैश्य बैंक के तत्काली मैनेजर से कराई। बैंक मैनेजर व कर्मियों ने उनसे विभिन्न कागजों पर साइन करा लिए। उन्होंने आरोप लगाया (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सोसायटी के बाहर महिला से लूटा मोबाइल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के एक सोसायटी के बाहर बाइक सवार बदमाशों ने महिला से मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए।



प्रीता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम मिल्क लच्छी बाबू फार्म हाउस निवासी दीपांशी कौर ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह बीते 26 नवंबर को एनसीआर मोनार्क सोसायटी से बाहर निकल रही थी। वह जैसे ही सोसायटी के बाहर पहुंची तो पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल फोन लूट लिया। उन्होंने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह बाइक से फरार हो गए। पुलिस का कहना है की घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को कंगाल कर बाइक सवार बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## 'पीढ़ियों तक प्रेरणास्रोत रहेंगे धन सिंह कोतवाल'

### पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने किया युवा पीढ़ी का आहवान

**चेतना मंच**

**मेरठ/नोएडा।** अमर शहीद धन सिंह कोतवाल की शहादत हमारे युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगी। इतिहास में गुमनाम रहे देश के ऐसे क्रांतिकारी रणबांकुरों को हमेशा याद रखना चाहिए। ताकि हमारी भावी पीढ़ी उनसे प्रेरणा लें सकें। यह उदगार व्यक्त किए भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा प्रदेश के पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने।

मेरठ स्थित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय सभागार में धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान द्वारा आयोजित 1857 की क्रांति के अगुवा धनसिंह कोतवाल की जयंती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह नागर ने नायक धनसिंह कोतवाल के गांव पाँचली के अन्य चार सौ अमरशहीदों को भी याद कर नमन किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुजरात के पूर्व गृह मंत्री गोवर्धन भाई, स्वामी आचार्य कर्मवीर उपस्थित रहे नवाब सिंह नागर ने धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान के अध्यक्ष तस्वीर चपराना एवं उनकी पूरी टीम को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।



RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## स्वतंत्र संविधान

देश में 26 नवम्बर 1949 में इसी तारीख को संविधान सभा ने 'स्वतंत्र भारत के संविधान' को अंतिम स्वीकृति दी थी। यहीं से भारत के संसदीय लोकतंत्र की यात्रा आरंभ होती है। इस दिन को देश 'संविधान दिवस' के तौर पर मनाता है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री अच्छे-अच्छे बयान देते हैं। समारोह भी मनाए जाते हैं। संविधान को 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया, लिहाजा उस दिन देश 'गणतंत्र दिवस' मनाता है। संविधान और लोकतंत्र के दो महत्त्वपूर्ण स्तंभ न्यायपालिका और राज्यपाल भी हैं। इन दिनों सर्वोच्च अदालत के न्यायाधीशों को कुछ राज्यपालों के खिलाफ तल्ख और नाराज टिप्पणियां करनी पड़ी हैं। शीर्ष अदालत को पंजाब के राज्यपाल को आधार बनाकर राज्यपाल की विवेकाधीन, संवैधानिक और मनमानी शक्तियों की एक निश्चित सीमा तय करनी पड़ी है, ताकि तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना के राज्यपाल भी सबक सीख सकें। यदि राज्यपाल संविधान के मुताबिक अपना दायित्व पूरा नहीं करेंगे, तो सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ को अधिक कड़े फैसले लेने पड़ेंगे। संविधान में सभी पदों की शक्तियों और दायित्वों को अच्छी तरह परिभाषित किया गया है। तो फिर क्या कारण हैं कि शीर्ष अदालत को राज्यपालों के खिलाफ कठोर टिप्पणियां करनी पड़ी हैं। बल्कि उनके व्यवहार को 'असंवैधानिक' और 'सियासी' करार देना पड़ा है? एक कारण अनुच्छेद 200 हो सकता है, जिसमें अधूरी व्याख्या की गई है कि राज्यपाल कितने समय में बिलों को अपनी स्वीकृति देंगे। इस परिप्रेक्ष्य में देश के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को यहां तक कहना पड़ा है कि लोकतंत्र और संविधान में राज्यपाल सर्वेसर्वा नहीं हैं। वे निर्वाचित जन-प्रतिनिधि भी नहीं हैं। राष्ट्रपति ने, केंद्रीय कैबिनेट की सिफारिश पर, उन्हें नियुक्त किया है। वे लोकतंत्र में निर्वाचित विधानसभा पर 'वीटो' नहीं कर सकते। संविधान और लोकतंत्र की मूल ताकत जनता द्वारा चुने गए विधायकों में ही निहित है। राज्यपाल विधानसभा सत्र को 'अवैध' करार नहीं दे सकते। जस्टिस चंद्रचूड़ ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि पर सवाल किया है कि वह तीन साल से क्या कर रहे थे? पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को लेकर टिप्पणी की गई है कि क्या उन्हें अंदेशा है कि वह आग से खेल रहे हैं? इस तरह संसदीय लोकतंत्र ही खतरे में पड़ जाएगा! राज्यपाल राज्यों के 'सांकेतिक प्रमुख' होते हैं। असली शक्तियां विधायिका के पास होती हैं। यह बीते 50 सालों के दौरान विभिन्न न्यायिक फैसलों में बार-बार दोहराया गया है। फिर भी राज्यपाल सालों तक उन विधेयकों पर कुंडली मारे बैठे रहते हैं, जिन्हें विधानसभा ने पारित किया है। इस तरह राज्यपाल मौजूदा राज्य सरकार की नीतियों और विधायिका के इरादों को लगातार दरकिनार करते रहे हैं। यह संविधान और लोकतंत्र की निहित भावना नहीं है। शुक्र है कि संविधान सभा ने 'निर्वाचित राज्यपाल' के प्रावधान तय नहीं किए। यह व्यवस्था की गई कि राज्यपाल मुख्यमंत्री के परामर्श से ही नियुक्त किया जाएगा। इस संवैधानिक प्रावधान का भी लगातार उल्लंघन होता रहा है। अब ये तमाम विवादित राज्यपाल भाजपा या संघ परिवार के सदस्य रहे हैं अथवा उनके समर्थित चेहरे हैं, लिहाजा गैर-भाजपा राज्य सरकारों के प्रति राज्यपालों का रवैया पूरी तरह सियासी है। लिहाजा संसद में संविधान संशोधन लाया जाए और राज्यपाल की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित किया जाए, या अदालत को ही कोई फैसला सुनाना चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जो (बौद्धिक) ज्ञान, वाणी और इंद्रियों से परे और अजन्मा है तथा माया, मन और गुणों के परे है, वही सच्चिदानन्दघन भगवान श्रेष्ठ नरलीला करते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**प्रातकाल सरऊ करि मज्जन। बैठहिं सभाँ संग द्विज सज्जन॥**
**बेद पुरान बसिष्ट बखानहिं। सुनहिं राम जद्यपि सब जानहिं॥**

प्रात:काल सरयूजी में स्नान करके ब्राह्मणों और सज्जनों के साथ सभा में बैठते हैं। वशिष्ठजी वेद और पुराणों की कथाएँ वर्णन करते हैं और श्री रामजी सुनते हैं, यद्यपि वे सब जानते हैं॥

**अनुजन्ह संजुत भोजन करहीं। देखि सकल जननीं सुख भरहीं॥**
**भरत सत्रुहन दोनउ भाई। सहित पवनसुत उपबन जाई॥**

वे भाइयों को साथ लेकर भोजन करते हैं। उन्हें देखकर सभी माताएँ आनंद से भर जाती हैं। भरतजी और शत्रुघ्नजी दोनों भाई हनुमानजी सहित उपवनों में जाकर,॥

**बूझहिं बैठि राम गुन गाहा। कह हनुमान सुमति अवगाहा॥**
**सुनत बिमल गुन अति सुख पावहिं। बहुरि बहुरि करि बिनय कहावहिं॥**

वहाँ बैठकर श्री रामजी के गुणों की कथाएँ पूछते हैं और हनुमानजी अपनी सुंदर बुद्धि से उन गुणों में गोता लगाकर उनका वर्णन करते हैं। श्री रामचंद्रजी के निर्मल गुणों को सुनकर दोनों भाई अत्यंत सुख पाते हैं और विनय करके बार-बार कहलवाते हैं॥

**सब कें गृह गृह होहिं पुराना। राम चरित पावन बिधि नाना॥**
**नर अरु नारि राम गुन गानहिं। करहिं दिवस निसि जात न जानहिं॥**

सबके यहाँ घर-घर में पुराणों और अनेक प्रकार के पवित्र रामचरित्रों की कथा होती है। पुरुष और स्त्री सभी श्री रामचंद्रजी का गुणगान करते हैं और इस आनंद में दिन-रात का बीतना भी नहीं जान पाते॥

**दो0-अवधपुरी बासिन्ह कर सुख संपदा समाज।**
**सहस सेष नहिं कहि सकहिं जहँ नृप राम बिराज॥**

जहाँ भगवान श्री रामचंद्रजी स्वयं राजा होकर विराजमान हैं, उस अवधपुरी के निवासियों के सुख-संपत्ति के समुदाय का वर्णन हजारों शेषजी भी नहीं कर सकते॥

(क्रमश:...)

# साहित्य और समाज का समन्वय

*एक उपन्यास ने विज्ञान और तर्क के कारण आई हुई शिथिलता को प्रश्नों के घेरे में लेकर कैसे बहुत बारीकी से आस्तिकता, सकारात्मक विचारों, सृजन और नैतिकता का एक बेहतर नमूना पेश किया, यह साहित्य का निर्माण वाला पहलू है जोकि बहुत समय से अनुपस्थित दिख रहा है। साहित्य में कल्पना और कलात्मकता तो दिखती है, लेकिन समाज निर्माण की परिकल्पना देखने को नहीं मिलती जिसकी आज बहुत आवश्यकता है।*

साहित्य सामाजिक और व्यक्तिगत स्थिति और समस्या की जहां एक ओर अभिव्यक्ति है, वहीं दूसरी ओर यह उसकी अग्रिम परिकल्पना भी है। हम अक्सर एक वाक्य कहते हैं कि 'साहित्य समाज का दर्पण है', इसका सीधा अभिप्राय है कि साहित्य आपकी व्यक्तिगत या सामाजिक स्थिति और समस्या को अभिव्यक्त करता है। आपके साथ क्या घटित हो रहा है, यह आपकी भावना, संवेदना और विचारों को एक खुला मंच प्रदान करता है। हम एक परिभाषा की तरह कहते हैं तो हम कहते हैं कि 'साहित्य समाज का दर्पण है'। दर्पण का अर्थ है आईना, शीशा, प्रतिबिंबित करने वाली कोई वस्तु, लेकिन साहित्य का यह एक पहलू है और यह साहित्य की आधी परिभाषा है। साहित्य का दूसरा पहलू है- समाज निर्माण की परिकल्पना सृजन। कैसा समाज हो, कैसा संसार हो, कैसा सामाजिक परिवेश हो, इसकी परिकल्पना भी साहित्य का एक महत्त्वपूर्ण अंग है। 'लेखनी' खंड काव्य की कुछ पंक्तियों के अनुसार- 'दर्शन-सत्य की बिम्ब लेखनी/ साहित्य-समाज-प्रतिबिम्ब लेखनी/ दीप-लौ सा सत्य-समाज रचूंगी/न चुप रही, न रहूंगी/मैं लिखूंगी, मैं कहूंगी/कला, भाव, बोध का अर्पण/साहित्य है समाज का दर्पण/समाज साहित्य की अग्रिम अभिव्यक्ति/साहित्य है सत्य का समर्पण/सत्य, सामाजिक, साहित्य लिखूंगी/न चुप रही, न रहूंगी/मैं लिखूंगी, मैं कहूंगी।'

हमारे पास साहित्य अपनी विभिन्न विधाओं में उपलब्ध है जिसमें बहुत सा साहित्य एक ऐतिहासिक दस्तावेज भी है जिससे पता चलता है कि बीते दिनों में सामाजिक और भौगोलिक परिवेश कैसा था। यशपाल के उपन्यास दिव्या को पढ़ते हैं तो इतिहास के दर्शन होते हैं, मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में समकालीन परिवेश और सामाजिक ढांचे के साथ-साथ भौगोलिक और राजनीतिक स्थिति का पता भी चलता है।



ऐसे ही साहित्य बहुत सा ऐतिहासिक विवरण अपने में संजोए रखता है। एन्थ्रापोलोजी और समाजशास्त्र के खोजी साहित्य के जरिए सामाजिक, राजनीतिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक आदि ढांचे को देख पाते हैं। पृथ्वीराजरासो से पता चलता है कि राजाओं के जीवन और रहन-सहन कैसा था और इसी प्रकार लगभग हर प्रकार का साहित्य समाज का दर्पण कहलाता है। यह समाज को प्रतिबिंबित करता है। धरती पर बसे विभिन्न प्रांतिए, क्षेत्रीय, संस्कृति, भाषा, रहन-सहन आदि सब कुछ के अक्स साहित्य में देखने को मिलते हैं। लेकिन साहित्य इतना सा कार्य करके नहीं रुकता, साहित्य का दूसरा अंग निर्माण है। साहित्य परिकल्पना करता है और परिकल्पना के नमूने पेश करके समाज के निर्माण में सहयोग करता है। यह परिकल्पना एक परियोजना की तरह कार्य करती है। पंचतंत्र की कथाओं के जरिए कैसे एक राजा के मूर्ख पुत्रों को विद्वान में परिवर्तित किया गया और कैसे जातक कथाएं और बहुत सी लोककथाएं समाज की परिकल्पना करती हैं और समाज में नैतिकता और सामाजिकता की उच्च स्तरीय समझ को बढ़ाती हैं। एक बेहतरीन उदाहरण है परिकल्पना का रामराज्य! इस विश्व के पहले कवि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण नामक एक महाकाव्य जहां एक ओर समाज की स्थिति और समस्याओं का वर्णन करता है वहीं आदर्श चरित्र राम तथा अन्य आदर्श चरित्रों के माध्यम से यह महाकाव्य रामराज्य की परिकल्पना की नींव रखता है। अंग्रेजी में रामराज्य को 'यूटोपिया' शब्द से सम्बन्धित देखा गया है। राम एक आदर्श पिता, पति, पुत्र, भाई, राजा और राजनीतिज्ञ हैं और उनके साथ अन्य आदर्श चरित्र भी बहुत सी आदर्श क्रियाओं द्वारा उच्च मानवीय गुणों का प्रतिपादन करते हैं।

रामायण के दो मुख्य भाग हैं, पहले भाग में सामाजिक ढांचे को यह महाकाव्य प्रतिबिंबित करता है, तो दूसरे भाग में रामराज्य का एक नमूना पेश करता है जिसमें एक सम्पन्न, सुव्यस्थित, प्रसन्न, स्वस्थ, सृजनशील और शांतिप्रिय समाज है। हमने देखा है कि रामायण के पहले भाग में बहुत सी पारिवारिक, व्यावहारिक, सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल रहती है जिसमें स्वयं मुख्य चरित्र राम भी इसका शिकार होते हैं, तो दूसरे भाग में राजा बने राम द्वारा किए गए महत्त्वपूर्ण बदलावों, सही समाज-कल्याणकारी योजनाओं से रामराज्य की स्थापना होती है और यहीं लोग राजा राम को प्रभु श्रीराम संबोधित करते हैं। अत: साफ जाहिर होता है कि साहित्य के दो मुख्य पहलू हैं- एक तो 'साहित्य समाज का दर्पण है', दूसरा 'साहित्य एक दर्शन भी है', जो एक आदर्श या भव्य समाज की परिकल्पना करता है और परियोजना हेतु सामाजिक ढांचे के नमूने पेश करता है। आज फिर से समाज के निर्माण में साहित्य के दूसरे महत्त्वपूर्ण पहलू जिसमें साहित्य दूरदर्शिता रखते हुए दार्शनिकता के पुट के साथ समाज के ढांचे के नमूने पेश करे और समाज के निर्माण में सहायक हो, फ्रेडरिच नीत्शे का अंग्रेजी में अनुवादित फ्रेंच उपन्यास 'दस स्पॉक जाराथुस्त्रा' इसका एक महत्त्वपूर्ण उदाहरण है।

एक उपन्यास ने विज्ञान और तर्क के कारण आई हुई शिथिलता को प्रश्नों के घेरे में लेकर कैसे बहुत बारीकी से आस्तिकता, सकारात्मक विचारों, सृजन और नैतिकता का एक बेहतर नमूना पेश किया। यह साहित्य का निर्माण वाला पहलू है जोकि बहुत समय से अनुपस्थित दिख रहा है। साहित्य में कल्पना और कलात्मकता तो दिखती है, साहित्य बहुत सी विधाओं के माध्यम से समाज का दर्पण बनने में भी सफल है, लेकिन समाज निर्माण की परिकल्पना देखने को नहीं मिलती जिसकी आज भारत को बहुत आवश्यकता है, और लेखनी की कुछ पंक्तियां =' कैसा मानव, कैसा संसार हो/कैसा आचरण, कैसा विचार हो/सामाजिकता के पूर्ण वृत में/सृजनता का संचार हो/आचार, विचार, संसार रचूंगी/न चुप रही, न रहूंगी/मैं लिखूंगी, मैं कहूंगी।'

**-पंकज 'दर्शी'**
**साहित्यकार**

## गरीबी घटी, आय असमानता भी घटे

हाल ही में केंद्र सरकार ने 80 करोड़ से अधिक पात्र लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की योजना आगामी पांच वर्षों यानी दिसंबर 2028 तक के लिए बढ़ा दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक गरीबों के सशक्तिकरण के लिए निःशुल्क खाद्यान्न की जरूरत बनी हुई है। पिछले पांच वर्षों में 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, ऐसे में पूरे देश के गरीब लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। निःसंदेह मुफ्त खाद्यान्न योजना की जरूरत न केवल गरीबों के सशक्तिकरण के लिए, वरन आय असमानता घटाने के लिए आवश्यक बनी हुई है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 6 नवंबर को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी 2015-2016 के मुकाबले 2019-2021 के दौरान 25 फीसदी से घटकर 15 फीसदी आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यद्यपि गरीबी निवारण अभियान से भारत में गरीबी घटी है, लेकिन अभी भी भारत में आय की असमानता बढ़ी हुई है। यह उल्लेखनीय है कि एशिया पेसेफिक ह्यूमन डेवलेपमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2000 में जहां करीब 37 हजार रुपए थी, वहीं वर्ष 2022 में बढकर करीब 2 लाख रुपए हो गई है। गौरतलब है कि भारत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) 10 सितंबर 2013 को अधिसूचित हुआ है। इसका उद्देश्य नागरिकों की गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए वहनीय मूल्यों पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न की 5 किलोग्राम मात्रा उपलब्ध कराना है। ऐसे में इसके तहत राशन कार्डधारकों को चावल 3 रुपए, गेहूं 2 रुपए और मोटे अनाज 1 रुपए प्रति किलो वितरण की शुरुआत की गई।

कोरोना महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त अनाज दिए जाने की भी शुरुआत की। कई बार इसकी अवधि बढ़ाने के बाद सरकार ने एक जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक एक वर्ष के लिए इस योजना को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अनाज वितरण की योजना में मिलाने का निर्णय किया। सरकार ने चावल और गेहूं को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत क्रमश: तीन रुपए और दो रुपए प्रति किलो की दर से बेचने के बजाय मुफ्त कर दिया। अब वर्ष 2028 तक एक बार फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाली देश की दो-तिहाई आबादी को राशन प्रणाली के तहत मुफ्त में अनाज देने की भारत की पहल दुनिया भर में रेखांकित की जा रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष सहित दुनिया के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा के वैश्विक संगठनों के द्वारा भारत की खाद्य सुरक्षा की जोरदार सराहना की गई है। आईएमएफ के द्वारा पिछले दिनों प्रकाशित रिसर्च पेपर में कोविड की पहली लहर 2020-21 प्रभावों को भी अध्ययन में शामिल करते हुए कहा गया है कि सरकार के पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के प्रभावों की गरीबों पर मार को कम करने में अहम भूमिका निभाई है और इससे अत्यधिक गरीबी में भी कमी आई है। आईएमएफ के कार्यपत्र में कहा गया है कि खाद्य सब्सिडी कार्यक्रम कोविड-19 से प्रभावित वित्तीय वर्ष 2020-21 को छोड़कर अन्य वर्षों में गरीबी घटाने में सफल रहा है। दुनिया के अर्थ विशेषज्ञ यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि कोविड-19 के बीच भारत में खाद्यान्न के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचे सुरक्षित खाद्यान्न भंडारों के कारण ही देश के 80 करोड़ लोगों को लगातार मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध होने के कारण वे गरीबी के दलदल में फंसने से बच गए।

देश में लगातार बढ़ता हुआ रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन भारत की खाद्य सुरक्षा को मजबूती प्रदान कर रहा है। चालू कृषि वर्ष 2022-23 में 3305.34 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है। लेकिन वर्ष 2023-24 में गेहूं और दलहन उत्पादन में कमी के संकेत सामने आ रहे हैं। ऐसे में देश में खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ बढ़ती जनसंख्या के लिए अधिक खाद्यान्न की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2023 में भारत 142.86 करोड़ लोगों की आबादी के साथ चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। चूंकि खाद्यान्न के केंद्रीय पूल में सालाना 780 से 800 लाख टन गेहूं और चावल की खरीद होती है। पीडीएस के तहत अनाज देने के लिए 500 से 590 लाख टन अनाज की जरूरत होती है। वर्ष 2023-24 में केंद्र ने एनएफएसए में 600 लाख टन गेहूं और चावल का आवंटन किया है। ऐसे में जब देश में अधिक खाद्यान्न उत्पादन की जरूरत है, तब खाद्यान्न को बर्बादी से बचाने के लिए खाद्यान्न भंडारण की अधिक क्षमता भी जरूरी है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 31 मई को सरकार के द्वारा स्वीकृत नई खाद्यान्न भंडारण क्षमता योजना महत्वपूर्ण दिखाई दे रही है। यह योजना लगभग एक लाख करोड़ रुपए के खर्च के साथ शुरू होगी। इस समय देश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 3100 लाख टन है, जबकि भंडारण क्षमता कुल उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत ही है।

यद्यपि भारत दुनिया का प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक देश है, लेकिन खाद्यान्न भंडारण में बहुत पीछे है। अनाज के अन्य बड़े उत्पादक देशों चीन, अमेरिका, ब्राजील, यूक्रेन, रूस और अर्जेन्टीना के पास खाद्यान्न भंडारण क्षमता वार्षिक उत्पादन की मात्रा से कहीं अधिक है। ऐसे में देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि देश में एक ओर गरीबों के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी योजनाएं मसलन सामुदायिक रसोई, वन नेशन वन राशन कार्ड, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत पोषण अभियान, समग्र शिक्षा जैसी योजनाएं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गरीबी के स्तर में कमी और स्वास्थ्य व भुखमरी की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। उनके कार्यान्वयन की दिशा में अभी बहुत अधिक कारगर प्रयासों की जरूरत बनी हुई है। चूंकि कोविड-19 के कारण देश में डिजिटल शिक्षा की जरूरत बढ़ गई है और इसकी अहमियत रोजगार में भी बढ़ गई है। ऐसे में गरीब एवं कमजोर वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा, वहीं दूसरी ओर कौशल प्रशिक्षण के साथ नए स्किल्स सीखने होंगे। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज के साथ उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने और उनके लिए रोजागर के अधिक अवसरों के लिए भी अधिक प्रयास करने होंगे। ऐसा होने पर ही गरीबी घटाने और आय में असमानता को कम करने में सफलता प्राप्त की जा सकेगी। फिलहाल गरीब और अमीर की आय में दिन-रात का अंतर है।


**-डा. जयंती लाल भंडारी**
**विख्यात अर्थशास्त्री**




*ऐसे में गरीब एवं कमजोर वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा, वहीं दूसरी ओर कौशल प्रशिक्षण के साथ नए स्किल्स सीखने होंगे। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज के साथ उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने और उनके लिए रोजागर के अधिक अवसरों के लिए भी अधिक प्रयास करने होंगे। ऐसा होने पर ही गरीबी घटाने और आय में असमानता को कम करने में सफलता प्राप्त की जा सकेगी। फिलहाल गरीब और अमीर की आय में दिन-रात का अंतर है।*

## राशिफल

कार्तिक शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा (विक्रम संवत् 2080)



**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। धन-धान्य में बढ़ोत्तरी होगी। स्वास्थ्य थोड़ा अभी मध्यम चलेगा।




**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आवश्यकता के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
चिंताकारी श्रृष्टि का सृजन होगा। खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार, आमदनी में बढ़ोत्तरी, यात्रा में लाभ, शुभ समाचार की प्राप्ति, एक शुभ समय कहा जाएगा।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
व्यावसायिक सफलता, कोर्ट-कचहरी में विजय, स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान मध्यम और व्यापार बहुत अच्छा है।



**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
यात्रा का संयोग बनेगा। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेंगे। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान ठीक-ठाक और व्यापार बहुत अच्छा है।



**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
अभी भी परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान ठीक-ठाक और व्यापार भी ठीक है।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। रंगीन जीवन गुजारेंगे। छुट्टी-सा महसूस करेंगे। बड़ा एंजॉयिंग रहेगा।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
स्वास्थ्य पहले से बेहतर, जीवनसाथी का समावेश आपमें हो चुका है। स्वास्थ्य ठीक-ठाक, लेकिन थोड़ा ध्यान रखिएगा।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय है। कला प्रेमियों के लिए अच्छा समय है। जो कलाकार इत्यादि है। कवि हैं। लेखक हैं।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
लग्जरी आइटम की खरीदारी संभव है। भूमि और वाहन की खरीदारी संभव है। घर में कुछ उत्सव का माहौल रहेगा।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य अच्छा है आपका, प्रेम-संतान अच्छा है और व्यापार भी अच्छा है।

# सीबीएसई की नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप में समृद्धि ने जीता गोल्ड मेडल




**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-151 स्थित जेपी अमन सोसायटी के निवासी सुजीत नागर की पुत्री समृद्धि नागर ने सीबीएससी की नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। सीबीएसई द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप का आयोजन 24 से 26 नवम्बर 2023 को गुरुग्राम में किया गया जिसमें देश के लगभग 27 राज्यों के साथ-साथ बांग्लादेश, यूएई, कतर और सिंगापुर के सीबीएसई स्कूलों के बच्चों ने भी हिस्सा लिया। समृद्धि ने अंडर 8 स्पीड इनलाइन वर्ग में 300 मीटर में बेस्ट टाइम देकर गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश के साथ-साथ अपने स्कूल का भी नाम रोशन किया है । इसके साथ साथ समृद्धि पिछले वर्ष की सीबीएसई नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप की भी गोल्ड मेडलिस्ट रहीं है।

# महापड़ाव खत्म




**नोएडा ( चेतना मंच )।** केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी-किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ मजदूरों और किसानों की मांगों की हिफाजत में केंद्रीय ट्रेड यूनियन संगठनों व संयुक्त किसान मोर्चा के अखिल भारतीय आंदोलन पूरे देश में महापड़ाव/धरना प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया है।

उक्त को लेकर सीटू जिला कमेटी गौतम बुध नगर द्वारा जोरदार तरीके से जन अभियान चला रही है जिसके तहत आज भी विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में जनसंपर्क, पर्चा वितरण किया गया और सीटू नेता रामसागर, गंगेश्वर दत्त शर्मा, राम स्वारथ, मुकेश कुमार राघव, सुनील पंडित, अमित चंद, हुकम सिंह, जोगेंद्र सैनी, ओमप्रकाश, पारस रजक, रंजीत तिवारी आदि ने कई स्थानों पर नुक्कड़ सभा कर किसानों व कामगारों से महापड़ाव को सफल बनाने की अपील किया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि पूरे देश में मजदूर किसान सभी राज्यों के राज्यपाल के कार्यालयों पर 3 दिन का महा पड़ाव शुरू हो चुका हैं।

# दीदी की रसोई ट्रस्ट ने जरूरतमंद लोगों को कराया भोजन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** कार्तिक पूर्णिमा/ गुरु नानक जयंती के अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट ने ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा व कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में मजदूर बस्ती शिव नगरी सेक्टर-17, में जरूरतमंद लोगों के लिए भंडारे का वितरण किया। भंडारे में सैकड़ो जरूरतमंद लोगों ने भोजन कराया।

इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेवीका रितु सिन्हा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था लगातार गरीब जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी रहती है और संस्था की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन गरीब जरूरतमंद लोगों, बच्चों को भोजन का वितरण किया जाता है।

# अयान ने जीता कांस्य पदक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अयान त्रिखा और उनकी टीम ने 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में शतरंज में सीबीएसई नेशनल में कांस्य पदक जीता है। जिसमें सीबीएसई नेशनल चैंपियनशिप 24 से 26 नवंबर तक नोएडा के ज्ञानश्री स्कूल में आयोजित हुई। जिसमें अयान त्रिखा की इंटरनेशनल फाइड रेटिंग भी 1212 है।



# वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाया क्लब



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-151 स्थित जेपी अमन सोसाइटी में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक क्लब 60 के नाम से बनाया गया हैं।

इस क्लब में 100 से अधिक सदस्य है। यह जानकारी एओए के अध्यक्ष योगेश सिंह ने दी हैं।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री की पुत्री की शादी में शामिल हुए पूर्व सांसद



**नोएडा/देहरादून।** केंद्रीय रक्षा राज्य एवं पर्यटन मंत्री अजय भट्ट की पुत्री के शुभ विवाह कार्यक्रम में पूर्व सांसद गोरखनाथ पाण्डेय शामिल हुए। इस दौरान अजय भट्ट ने अपने गुरु मौनी महाराज से पूर्व सांसद की मुलाकात करवाई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक, वरिष्ठ अधिकारी, मंत्री परिषद के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस का आयोजन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** जन शिक्षण संस्थान गौतमबुद्ध नगर, प्रायोजित -कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस का आयोजन संस्थान के उपकेंद्र -गांव रोजाजलालपुर, विकासखंड बिसरख में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी को संस्थान के निदेशक वीरेंद्र कुमार ने भारतीय संविधान की विषेताएँ विस्तार से बतायी, और उन्होंने कहा भारतीय संविधान विश्व का सबसे अनूठा संविधान है। भारतीय संविधान में सभी को समानता, न्याय एवं स्वतंत्रा का अधिकार दिया गया है। भारतीय संविधान को लिखने में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन का समय लगा था, उपस्थित सभी को जन शिक्षण संस्थान की प्रबंधक श्रीमती मौली जेकब ने सभी को संस्थान द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम में संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी दीपक कुमार, क्लर्क राधेश्याम, फील्ड सहायक शिवानी, अंजली सैन, अंजना सैन एवं संस्थान के लाभार्थियों सहित लगभग 74 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# पांच राज्यों का परिणाम भाजपा के पक्ष में : प्रधान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय प्रधान ने दावा किया है की पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर से सरकार बनाने का काम करेगी।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस की रीतियों एवं नीतियों को जनता अब जाग गयी है। इसलिए वह कांग्रेस के बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पांचो राज्यों में विधानसभा के चुनाव परिणाम पार्टी के पक्ष में आएंगे।

उन्होंने कहा कि इसी तरह लोकसभा के 2024 में होने वाले आम चुनाव में भी भाजपा को प्रचण्ड बहुमत मिलेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पार्टी सरकार बनाने का काम करेगी। अजय प्रधान ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार पूरी तरह से तेजी पकड़ लिया है।

# दवा के पैसे मांगने पर अस्पतालकर्मी को पीटा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दवाई के पैसे मांगने पर दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर अस्पताल कर्मी की लाठी डंडों से पिटाई। मारपीट की यह पूरी घटना अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने थाना दनकौर में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

बाबा सूखामल डालचंद केयरदार अस्पताल के मैनेजर उमेश कुमार ने पुलिस की शिकायत में बताया कि बीते 25 नवंबर की रात्रि को ऊंची दनकौर निवासी सत्ते अस्पताल में दवा लेने के लिए आया था। दवाई लेने के पश्चात वह बिना पैसे दिए जाने लगा अस्पताल के कर्मचारी शोएब ने जब उसे पैसे देने को कहा तो वह भड़क उठा और गाली गलौज का देख लेने की धमकी देकर चला गया। कुछ देर बाद सत्य अपने कुछ साथियों के साथ अस्पताल पहुंचा और शोएब के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया ।मारपीट की इस घटना से अस्पताल में हड़कम मच गया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया मारपीट की यह पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उमेश कुमार ने मारपीट की पूरी सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराई है।

# दो सगे भाईयों समेत चार मोबाइल चोर गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत पूरे एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक गैंग के चार सदस्यों को नोएडा की थाना फेस 1 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी किए गए 11 मोबाइल फोन कर चाकू व चोरी की दो बाइक बरामद हुई हैं। पकड़े गए आरोपियों पर विभिन्न थानों में लूट व चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपियों में दो सगे भाई हैं।नोएडा पुलिस कमिश्नरी के एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना फेस 1 प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से नोएडा के सेक्टर 4 स्थित पार्क के पास इकट्ठा हो रहे हैं। इस सूचना के आधार पर थाना प्रभारी ने कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापा मारा। पुलिस ने यहां से गौतम चौधरी पुत्र जवाहर चौधरी निवासी खोड़ा कॉलोनी, विशाल जाटव पुत्र चंद्रभान निवासी ग्राम हरौला, रतन चौधरी पुत्र जवाहर चौधरी निवासी खोडा कालोनी तथा राजकमल महतो पुत्र लक्ष्मी महतो निवासी सेक्टर 5 हरौला को दबोच लिया।

इन चोरों की तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से एक-एक चाकू तथा चोरी किए गए 11 मोबाइल फोन बरामद हुए है। आरोपियों के पास से दो बाइक भी बरामद हुई। जांच में पता चला कि बरामद बाइक में से एक बाइक थाना फेस 1 क्षेत्र तथा दूसरी दिल्ली से चोरी की गई थी।

ADCP ने बताया कि पकड़े गए गौतम चौधरी पर गैंगस्टर एक्ट सहित चार मामले दर्ज हैं। पकड़े गए विशाल जाटव पर 8, रतन चौधरी व राजकमल पर दो—दो मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी शातिर किस्म के बदमाश हैं। यह भीलवाड़ा वाले स्थान में मोबाइल चोरी में लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। आरोपियों ने मोबाइल लूट व चोरी की दर्जनों घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।



ग्रेटर नोएडा में एक कार्यक्रम में आये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का नॉलेज पार्क स्थित ब्लिस आयुर्वेद हेल्थ विलेज में स्वागत करते ब्लिस आयुर्वेद के एमडी डा. नितिन अग्रवाल, एक्सपोमार्ट के अध्यक्ष राकेश शर्मा, सत्या भाटी ( संदीप ) व अन्य।

## पृष्ठ एक के शेष....

**काले पकड़े पहनकर...**

आशुतोष टंडन को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उनके निधन से हम सभी दुखी हैं। हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

समाजवादी पार्टी आज से शुरू हुए विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में कई प्रमुख मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरेगी। सपा सदन में जातीय जनगणना, स्वास्थ्य व किसानों के मुद्दे पर सबसे ज्यादा मुखर दिखी।

यूपी विधानमंडल का शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन सपा विधायक जाहिद बेग साइकिल पर काला कपड़ा लेकर विधान भवन पहुंचे। उन्होंने जो कुर्ता पहना हुआ था उस पर सरकार विरोधी नारे लिखे हुए थे।

**अशोक यादव हत्याकांड...**

लहूलुहान देखकर शादी समारोह में भगदड़ मच गई गंभीर स्थिति में परिजन घायल अशोक को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी शेखर मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

एडीसीपी सेंट्रल हिरदेश कठेरिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अशोक यादव व उसके समाधि शेखर के बीच वाद विवाद चल रहा था। शेखर की पुत्री अशोक यादव के बेटे को ब्याही थी। दोनों के बीच तलाक का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच पूर्व में भी कई बार पंचायत हो चुकी हैं। बीती रात्रि शादी समारोह में शेखर और अशोक यादव आमने-सामने पड़ गए और किसी बात को लेकर दोनों के बीच वाद विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि अशोक यादव के परिजनों ने शेखर सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार टीम में गठित की गई है जो संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है इसके अलावा कई संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। मौके पर मौजूद मेहमानों वेटर सहित अन्य लोगों से भी पूछताछ कर इस मामले की कड़ी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**समय पर ड्यूटी पर...**

कार्यक्रम एवं योजनाएं संचालित की जा रही हैं उनका भी पात्र व्यक्तियों तक भरपूर लाभ पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजिका का अवलोकन करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन उपस्थिति पंजिका की मॉनिटरिंग करें एवं डॉक्टर व स्टाफ को निर्देश दिए कि सभी निर्धारित समय अनुसार अपनी-अपनी ड्युटियों पर उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल की डिस्पेंसरी में सभी दवाओं की उपलब्धता रखी जाए, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी भी दवा को बाहर से खरीदने की जरूरत ना पड़े, उनको सभी दवाएं अस्पताल डिस्पेंसरी से ही उपलब्ध हो सके।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में सभी मूलभूत सुविधाओं को मांनको के अनुरूप सुदृढ़ रखा जाए, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और अस्पताल परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था पर विशेष फोकस रखा जाए।

जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सीएमएस डॉ. रेनू अग्रवाल तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**बिल्डर बैंक मैनेजर ने...**

कि बिल्डर ने आईडीबीआई बैंक से 3483113 रुपए व करूर वैश्य बैंक से 2164712 रुपए बिल्डर ने अपने खाते में ट्रांसफर कराकर हड़प लिए। वेदपाल सिंह ने आरोप लगाया कि बैंक द्वारा कई नियमों को दरकिनार किया गया। दोनों बैंकों के प्रबंधकों ने बिल्डर को सारी धनराशि उसके खाते में ट्रांसफर कर दी।4 वर्ष बीतने के पश्चात भी बिल्डर द्वारा उसे फ्लैट पर कब्जा नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि उसके साथ छल-कपट में धोखाधड़ी करते हुए बिल्डर ने बैंक से 60 लाख का लोन लेकर उसे हड़प कर लिया है।इस पूरे मामले में बैंक मैनेजर की भी पूरी भूमिका रही है।इस मामले में पीड़ित ने इस मामले में मैसर्स यूनिबेरा डवलपर्स के कर्मचारी आशिफ, अवनीश तथा आईडीबीआई बैंक और करूर वैश्य बैंक की शाखा सेक्टर-20 के तत्कालीन मैनेजर व कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**राहुल पंवार बने...**

वहीं ललितपुर के बेसिक शिक्षा अधिकारी रामपाल को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में वरिष्ठ प्रवक्ता के तौर पर तैनात किया गया है। सभी अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिये हैं।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# कायस्थों ने भारतीय राजनीति को हमेशा ऊंचे मुकाम पर पहुंचाया है : नीरा शास्त्री



**गुरुग्राम ( चेतना मंच )।** सेक्टर 50 स्थित जी.ए.बी. पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित प्रथम हरियाणा कायस्थ समागम में कायस्थों के कई दिग्गज जुटे और उनके संगठनों की एकजुटता भी देखने को मिली। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुत्रवधु श्रीमती नीरा शास्त्री रहीं। उन्होंने कहा कि बाबू राजेंद्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री, जयप्रकाश नारायण जैसी कई हस्तियों ने भारतीय राजनीति को एक ऊंचे मुकाम पर पहुंचाया है। कायस्थ बुद्धिजीवी वर्ग में गिने जाते हैं। आज देश की राजनीति में कायस्थों को अपनी पहले जैसी पहचान बनाने की जरूरत है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय चित्रगुप्त कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव और राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र बच्चन ने श्रीमती नीरा शास्त्री को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। साथ ही उन्हें 'प्रतिभा सम्मान' से नवाजा गया। कार्यक्रम आयोजक लुधियाना पंजाब से आए सुधीर कुमार श्रीवास्तव और हरियाणा के तरुण भटनागर ने समारोह के विशिष्ट अतिथि व वरिष्ठ पत्रकार तथा समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र बच्चन, कायस्थ चित्रगुप्त महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राजीव कुमार रंजन एडवोकेट और अ.भा. कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र नाथ श्रीवास्तव एडवोकेट का भी स्वागत-सम्मान किया।

कायक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। खासकर एकल नृत्य में राधिका और सोलो डांस में मिथुन का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। मुख्य अतिथि नीरा शास्त्री और विशिष्ट अतिथि जितेन्द्र बच्चन ने सभी बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

# गांरटी के बावजूद भी 4 राज्यों के चुनाव में मुख्य फैक्टर होगी जाति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्या किसी चुनाव में आम मतदाता 'गारंटी' और विकास के लिए वोट करते हैं, या फिर वे अभी भी अपनी जाति के लिए वोट करते हैं? हालांकि नरेंद्र मोदी युग में लगता है कि लोकसभा चुनाव जाति या गारंटी से ऊपर उठ गए हैं। लेकिन राज्यों में विधानसभा चुनावों में जाति गणित अभी भी मजबूती से हावी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान या तेलंगाना विधानसभा चुनावों में कास्ट फैक्टर प्रमुख रहा है।

लोकप्रिय धारणा यह है कि यह '5 गारंटी' ही थी, जिसने कुछ महीने पहले कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस का रुख मोड़ दिया था। हालांकि, अगर नतीजों पर बारीकी से नजर डाली जाए, तब एक अलग तस्वीर उभरती है। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत का मुख्य कारण यह था कि वोकालिंगा ने पुराने मैसूर क्षेत्र में अपनी वफादारी जद (एस) से कांग्रेस की ओर मोड़ दी। क्योंकि उन्हें लगा कि उनके नेता डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री बनने वाले हैं। वोकालिग्गा को हमेशा अपने नेता एचडी देवगौड़ा के प्रधानमंत्री बनने और उनके बेटे एचडी कुमारस्वामी के मुख्यमंत्री बनने पर गर्व था।

कर्नाटक चुनाव में जद (एस) धराशायी हो गई। उसने जिन सीटों पर चुनाव लड़ा उनमें से दो-तिहाई सीटों पर उसकी जमानत जब्त हो गई और कांग्रेस को इसका फायदा हुआ। पांच साल पहले राजस्थान में भी




ऐसा ही हुआ था, जब कांग्रेस ने पूर्वी राजस्थान में जीत हासिल की थी, क्योंकि वहां के तीन जिलों में प्रभावी गुज्जरों को लगा था कि उनके नेता सचिन पायलट मुख्यमंत्री बनने वाले हैं। कांग्रेस ने इस बार भी सचिन पायलट को सीएम के रूप में प्रोजेक्ट नहीं किया है। इसकी मुख्य वजह यह है कि अशोक गहलोत जिस माली समुदाय से आते हैं, वहां गुर्जर मतदाताओं से अधिक है। दूसरी बात यह है कि माली समुदाय के लोग पूरे राजस्थान में मौजूद हैं।

मध्य प्रदेश में, ओबीसी और आदिवासी मतदाता मुख्य फैक्टर हैं। चौहान को भरोसा है कि अगर प्रदेश में भाजपा जीतती है, तब वह फिर से सीएम बनने वाले हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनके समुदाय की राज्य में लगभग 100 सीटों पर मजबूत उपस्थिति है। जब सीधी में एक आदिवासी के उत्पीड़न की घटना सामने आई थी तब सीएम चौहान को लगा था कि वहां मुश्किल में फंस सकते हैं। उन्होंने तुरंत सीधी जाकर पीड़ित आदिवासी के पैर धोकर स्थिति को संभालने की कोशिश की थी।

तेलंगाना चुनावों के बीच, पीएम नरेंद्र मोदी ने एससी कोटा में 'मडिगा' समुदाय के उप-वर्गीकरण के लिए उन्हें न्याय देने के लिए एक समिति गठित करने का वादा किया है। जाति के अलावा, बाहरी-अंदरूनी' फैक्टर भी राज्य चुनाव में मतदाताओं पर भारी पड़ता है। अपना पूरा अभियान 'सात गारंटी' पर लड़ने वाले अशोक गहलोत को चुनाव के अंत में यह कार्ड खेलना पड़ा। राज्यों में कांग्रेस का सारा अभियान 'गारंटी' के सहारे रहा है। भाजपा को भी मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में 'गारंटी' का सहारा लेना पड़ा है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए भत्ता और राजस्थान में गैस सिलेंडर केवल 450 रुपये में देने का वादा किया गया। लेकिन राजनीतिक फोकस जाति पर ही रहता है। कांग्रेस को लगता है कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जाति जनगणना कराने की उसकी चाल सफल होगी। क्योंकि लोगों को आरक्षण में अधिक हिस्सेदारी की उम्मीद दिख रही है।

वहीं भाजपा ने जाति जनगणना को लोगों को बांटने की एक चाल बताया है। भाजपा ने शीर्ष नेता नरेंद्र मोदी के ओबीसी होने का हवाला देकर कहा है कि यह भाजपा ही है जो ओबीसी की सबसे अधिक परवाह करती है।

## संसद का शीतकालीन सत्र 4 से, सर्वदलीय बैठक 2 दिसंबर को



नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर को आहुत किया गया है, जो कि 22 दिसंबर को समाप्त होगा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना को देखते हुए केंद्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले 2 दिसंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। जानकारी अनुसार संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरु होने जा रहा है। चूंकि सर्वदलीय बैठक सत्र शुरू होने से एक दिन पहले बुलाई जाती है, लेकिन 3 दिसंबर को पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना होना है इसलिए सरकार ने 2 दिसंबर को बैठक बुलाई है। शीतकालीन सत्र में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़े मामले से लेकर विधानसभा चुनाव नतीजे छाए रहने वाले हैं। गौरतलब है कि मोइत्रा पर पैसे लेकर प्रश्न पूछने के आरोपों से जुड़े मामले में लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट भी इस सत्र के दौरान सदन में पेश की जाएगी। समिति द्वारा मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की अनुशंसा भी बहस का मुद्दा होगी। संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित लंबित विधेयक पर भी नजर रहेगी। गौरतलब है कि मानसून सत्र में पेश किए गए इस विधेयक को सरकार ने विपक्ष और पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों के विरोध को देखते हुए संसद के विशेष सत्र में पारित करने पर जोर नहीं दिया था।

## भूतखेली देखने और भूत उतरवाने पहुंचे हजारों लोग

### -ओझा गुनी के लिए विशेष हैं कार्तिक पूर्णिमा का दिन

वैशाली। जिला मुख्यालय हाजीपुर के कोनहारा घाट को मोक्ष धाम कहा जाता है। यही वह स्थान है, जहां भगवान विष्णु ने गज यानी हाथी रूपी अपने भक्त की पुकार पर आकर घड़ियाल का वध कर उसके चंगुल से हाथी को मुक्त कराया। भगवान के हाथों वध होने के बाद घड़ियाल को भी मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। तभी से इस जगह को मोक्ष धाम माना जाता है। इस स्थान की एक और विशेषता है। यहां कार्तिक पूर्णिमा की रात को भूतों का मेला लगता है। लोगों को भूत-प्रेत से मुक्ति दिलाई जाती है। कल रात को भी चिता के पास भूतखेली की गई। जिसमें हजारों लोग शामिल थे। पूर्वी भारत के अधिकांश ओझा गुनी के लिए कार्तिक पूर्णिमा का दिन विशेष होता है। भूत-प्रेत जैसी बुरी आत्माओं से छुटकारा पाने और दिलाने के लिए ओझा और पीड़ित इस खास कार्तिक पूर्णिमा का साल भर इंतजार करते हैं। कई लोग थे, जो सिर्फ भूत खेली देखने आए हुए थे। श्मशान में मौजूद ओझा रंजीत भगत ने बताया कि वह इस मेला में 6 साल से पहुंच रहे हैं। जलती हुई चिता के पास बैठकर लोगों को सिद्ध करते हैं। मां तारा की कृपा से ही यह सबकुछ संभव होता है। इस दौरान भीड़ नियंत्रण और किसी भी तरह की दुर्घटना से निपटने के लिए घाट पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स और मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाती है। निगरानी के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था। लेकिन वर्षों से यहां चली आ रही भूतखेली को कोई नहीं रोकता है। यही कारण है कि यहां अंधविश्वास का खेल रातभर चलते रहता है। जलती हुई चिता के पास बैठकर तांत्रिक झाड़-फूंक करते दिखाई दिए।

## वायु गुणवत्ता सुधार के बावजूद 'बहुत खराब' श्रेणी बरकरार

नई दिल्ली। पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम संबंधी परिस्थितियों में रविवार से सुधार की संभावना है। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता में आंशिक सुधार देखा गया लेकिन अब भी वह ''बहुत खराब'' श्रेणी में है। दिल्ली में नवंबर में 10 दिन वायु गुणवत्ता 'गंभीर' रही है। न्यूनतम तापमान में गिरावट और रात में हवा की धीमी गति के कारण प्रदूषकों के एकत्र होने से दिल्ली में वायु गुणवत्ता शुक्रवार को फिर से गंभीर श्रेणी में दर्ज की गयी थी। शहर में अपराह्न चार बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 389 था जबकि सुबह आठ बजे यह 421 दर्ज किया गया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के एक वैज्ञानिक ने रविवार से पश्चिमोत्तर भारत को प्रभावित कर सकने वाले एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण मौसम संबंधी स्थितियों में संभावित सुधार के परिणामस्वरूप प्रदूषण से थोड़ी राहत का अनुमान जताया है। दिल्ली के एक्यूआई में गत रविवार को मामूली सुधार के बाद से लगातार वृद्धि हो रही है। केंद्र ने हवा की अनुकूल गति और दिशा के कारण प्रदूषण के स्तर में गिरावट के बाद पिछले शनिवार को दिल्ली में कुछ परियोजनाओं से संबंधित निर्माण कार्य और प्रदूषण फैलाने वाले ट्रकों के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध सहित कड़े प्रतिबंध हटा दिए थे, जबकि एक्यूआई के स्तर में वृद्धि हुई है। दिल्ली सरकार और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर की एक संयुक्त परियोजना के आंकड़ों के मुताबिक शुक्रवार को राजधानी के वायु प्रदूषण में जैव ईंधन जलाने का योगदान 51 प्रतिशत रहा। आंकड़ों के अनुसार, राजधानी के वायु प्रदूषण में वाहनों से होने वाले उत्सर्जन का योगदान 31 प्रतिशत रहा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने संबंधित एजेंसियों और विभागों को प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर सख्ती से अंकुश लगाने और जैवईंधन जलाने की बढ़ती घटनाओं को रोकने का निर्देश दिया है।

## केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा ने देश में सीएए लागू करने का किया दावा

कोलकाता। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा ने देश में सीएए लागू करने का किया दावा किया है। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए अजय मिश्रा टेनी ने सीएए के नियमों को तैयार करने में देरी पर मटुआ समुदाय के डर को दूर करने की कोशिश की। नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए देश में जरूर लागू होगा और इसके लिए राज्यसभा की विधायी समिति ने नियम बनाने के लिए 30 मार्च 2024 की तारीख तय कर दी है। ये बात केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने कही है। बता दें कि नागरिकता संशोधन बिल दिसंबर 2019 में संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुका है। यह बिल 9 दिसंबर, 2019 को लोकसभा में पारित हुआ। राज्यसभा में यह 11 दिसंबर, 2019 को पारित हुआ। 12 दिसंबर को यह एक कानून बन गया। जबकि 10 जनवरी 2020 को यह अधिनियम लागू हुआ। इस अधिनियम के तहत 31 दिसंबर 2014 से पहले अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से भारत में आए हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को भारतीय नागरिकता दी जानी है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने कहा कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम निश्चित रूप से आगामी महीनों में लागू किया जाएगा, राज्यसभा की विधायी समिति ने 30 मार्च 2024 तक नियम बनाने की समय सीमा तय की है। सभा को संबोधित करते हुए अजय मिश्रा टेनी ने सीएए के नियमों को तैयार करने में देरी पर मटुआ समुदाय के डर को दूर करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2019 में संसद द्वारा पारित अधिनियम ने सुनिश्चित किया कि समुदाय के सदस्य नागरिक बनें। इस दौरान स्थानीय भाजपा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने उनका समर्थन भी किया।

## श्रीलंका-थाईलैंड के बाद अब मलेशिया में भी वीजा-फ्री एंट्री

नई दिल्ली। भारतीयों के लिए श्रीलंका-थाईलैंड के बाद अब मलेशिया में भी वीजा-फ्री एंट्री की शुरुआत होने जा रही है। नए साल के मौके पर देश नहीं बल्कि विदेश घूमने का प्लान बना रहे लोगों के लिए यह अच्छी खबर है। दरअसल, मलेशिया में 1 दिसंबर से भारत और चीन के नागरिकों को वीजा-फ्री एंट्री मिलने जा रही है। ऐसे में आप आपको फॉरेन ट्रिप प्लान करने के लिए वीजा बनवाने के लिए चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने रविवार देर रात अपने पीपुल्स जस्टिस पार्टी कांग्रेस में एक भाषण के दौरान इस बात की घोषणा की। जिसके अनुसार अब चीनी-भारतीय नागरिक 30 दिनों तक मलेशिया में बिना वीजा के रह सकेंगे। इस संबंध में अनवर इब्राहिम ने बताया कि इस छूट के तहत चीनी और भारतीय नागरिक 30 दिनों तक मलेशिया में बिना वीजा के रह सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि फ्री वीजा एंट्री कब तक लागू रहेगी। गौरतलब है कि कई ऐसे देश है जहां घूमने के लिए आपको वीजा बनवाने की जरूरत नहीं पड़ती। बता दें कि मलेशिया से पहले श्रीलंका-थाईलैंड भी वीजा फ्री एंट्री का ऐलान कर चुके है।

## जहरीली गैस से भरा टैंकर सड़क पर पलटा, ट्रैफिक जाम के बाद मची अफरा-तफरी

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में एक जहरीली गैस से भरा टैंकर सड़क पर पलट गया। इससे भारी अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार अत्यधिक ज्वलनशील और जहरीली गैस एथिलीन ऑक्साइड के रिसाव के बाद यह आपातकालीन स्थिति बनी। पुणे-अहमदनगर राजमार्ग पर वडगांव शेरी चौक के पास गैस ले जा रहा एक टैंकर पलट गया, जिससे बड़ी मात्रा में जहरीली गैस लीक हो गई। यह घटना आज तड़के हुई, जिससे सवारियों समस्याओं के खतरों के बीच फायर ब्रिगेड और पुणे पुलिस को जरूरी बचाव कार्रवाई में जुटना पड़ा। पुणे फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें सोमवार को लगभग 12.47 बजे एक निजी क्षेत्र की रासायनिक कंपनी द्वारा संचालित टैंकर से एक अत्यधिक ज्वलनशील, जहरीले और कैंसरकारी रसायन एथिलीन ऑक्साइड के रिसाव के बारे में एक कॉल मिली। इस मामले में फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने कहा कि रिसाव की गंभीरता, विस्फोट और जहरीले रसायन के जोखिम को ध्यान में रखते हुए आसपास के सभी दमकल केंद्रों से घटनास्थल पर फायर टेंडर तैनात करना शुरू कर दिया गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक टैंकर का संचालन रिलायंस पेट्रोकेमिकल्स द्वारा किया जाता है और इसके बारे में कंपनी के अधिकारियों को बता दिया गया। उन्होंने कहा कि दमकल गाड़ियों के मौके पर पहुंचने के बाद उस टैंकर पर लगातार पानी का छिड़काव शुरू किया गया, जहां से रिसाव हो रहा है। हालांकि कंपनी की एक टीम मौके पर पहुंच गई है। दमकल विभाग के रासायनिक आपातकालीन गाड़ियों के सुबह लगभग 8 बजे तक पहुंचने की उम्मीद थी। तब तक पानी का छिड़काव लगातार जारी रखने की योजना थी। स्थानीय पुलिस और ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट ने इलाके की घेराबंदी कर दी और यातायात को पुणे-अहमदनगर रोड और इलाके की कुछ संपर्क सड़कों पर मोड़ दिया गया।

## देश में दोबारा बीजेपी सरकार आई तो आम लोगों का वोट का अधिकार भी खतरे में पड़ सकता है- नाना पटोले

**मुंबई (एजेंसी)।** देश के हर नागरिक को वोट देने का अधिकार होना चाहिए। डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की यह भूमिका थी लेकिन कुछ लोगों ने उनका विरोध भी किया। इन लोगों यह मत था कि केवल टैक्स चुकाने वालों को ही वोट देने का अधिकार होना चाहिए, लेकिन डॉ.आंबेडकर ने इसे खारिज करते हुए आम लोगों को वोट देने की शक्ति दे दी। जब तक कांग्रेस सत्ता में थी, तब तक संविधान को बरकरार रखा गया, लेकिन पिछले साढ़े नौ साल में संविधान के साथ खिलवाड़ किया गया। 2024 के बाद अगर बीजेपी सरकार आएगी तो आम लोगों को वोट देने का अधिकार पर भी खतरा पैदा हो सकता है. यह आशंका महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने जताई है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति और मुंबई कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रभाग ने रविवार को दादर के बीएन वैद्य सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर संविधान की एक लाख प्रतियों के वितरण का शुभारंभ किया गया। उससे पहले राजगृह से दादर तक संविधान ध्वज खींचा गया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक अनुभाग समन्वयक के. राजू, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एससी प्रभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोठिया, मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री वर्षा गायकवाड, प्रदेश कांग्रेस एस. सी विभाग अध्यक्ष सिद्धार्थ हट्टियाम्बिरे, कचरू यादव, प्रदेश कांग्रेस महासचिव देवानंद पवार, प्रवक्ता राजू वाघमारे, डा. नामदेव उसेंडी, अजंता



यादव, मदन जाधव समेत कई नेता मौजूद थे। अपने भाषण की शुरुआत में पटोले ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं और आगे कहा कि बीजेपी ने लोकतंत्र के चारों स्तंभों को कमजोर किया है। लेकिन कांग्रेस ने अपने शासनकाल में लोकतंत्र के इन चारों स्तंभों की स्वतंत्रता को बरकरार रखा। भाजपा सरकार ने मीडिया की आजादी छीन ली है, प्रशासनिक व्यवस्था भी खतरे में है। शीर्ष अधिकारियों का चयन यूपीएससी के माध्यम से किया जाता है लेकिन अब भाजपा सरकार संयुक्त सचिव के पद पर सीधे आरएसएस विचारकों की नियुक्ति कर रही है। न्याय व्यवस्था में भी हस्तक्षेप किया जा रहा है। जजों की नियुक्ति में केंद्र सरकार मनमानी कर रही है। पटोले ने कहा कि बीजेपी ने डॉ. बाबा साहेब के सामाजिक न्याय के रथ को पीछे ले जाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अब हम चुप नहीं बैठने वाले हैं। हमें संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होना होगा। कल तक कुछ उद्योगों का निजीकरण किया जा रहा था लेकिन अब जिला परिषद के स्कूलों का भी निजीकरण किया जा रहा है। भाजपा सरकार द्वारा गरीबों के बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। यह भाजपा सरकार की आम जनता को गुलाम बनाने की साजिश है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक वर्ग के समन्वयक के. राजू ने कहा कि देश का संविधान आज खतरे में है और उसे बचाना हमारी जिम्मेदारी है। इस दिन देश ने संविधान अपनाया लेकिन आरएसएस ने इसे स्वीकार नहीं किया और इसका विरोध किया। आज भी आरएसएस और बीजेपी संविधान का सम्मान नहीं करते। जब तक संविधान रहेगा तब तक आरएसएस का हिंदू राष्ट्र का एजेंडा सफल नहीं होगा। इसलिए वे संविधान को नष्ट करने की साजिश रच रहे हैं। भाजपा सरकार ने लोकतंत्र की स्वायत्त संस्थाओं पर कब्जा जमा लिया है। संविधान के साथ छेड़छाड़ की जा रही है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचला जा रहा है। हम सभी से अपील करते है कि भाजपा के इस एजेंडे को हराने के लिए हम सभी मिल कर काम करें। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एससी विभाग के चेयरमैन राजेश लिलोठिया ने कहा कि बीजेपी संविधान को कमजोर करने का काम कर रही है। डॉ. आंबेडकर ने महिलाओं, पिछड़े वर्गों को समान रूप से जीने का अधिकार दिया लेकिन इसे कमजोर किया जा रहा है। कांग्रेस के एससी विभाग की ओर से संविधान की एक लाख प्रतियां बांटने का कार्यक्रम आज मुंबई से शुरू किया गया है। अगले साल हर घर तक संविधान पहुंचाने का काम किया जाएगा। लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई में सभी को भाग लेना चाहिए और हमारे नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को इस लड़ाई में ताकत देनी चाहिए।

## सरकारी आदेश पर लखनऊ समेत यूपी के कई जिलों में मस्जिदों से उतरवाए लाउडस्पीकर

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी पुलिस एक बार फिर लाउडस्पीकर को लेकर ऐक्शन में आई है। मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ कानपुर समेत प्रदेशभर में कई जगह मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवा लिए गए हैं। स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार के निर्देश पर सोमवार सुबह अभियान चलाकर पुलिस ने लाउडस्पीकर को उतरवाकर अपने कब्जे में ले लिया। हालांकि लाउडस्पीकर को उतरवाने के दौरान पुलिस को सहयोग भी मिला। जहा पुलिस द्वारा शांति से कार्रवाई की गई। खबर के मुबातिक, पुलिस टीमें सोमवार सुबह पांच बजे गश्त पर निकली। हालांकि एक बार फिर पुलिस ने एक्शन लिया। इस दौरान लखनऊ में तकिया वाली मस्जिद, गाजीपुर क्षेत्र समेत कई इलाकों में मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरे गए। वहीं फैजाबाद के उत्तर थाना दक्षिण थाना रसूलपुर और थाना रामगढ़ क्षेत्र से करीब एक दर्जन लाउडस्पीकर उतरवाए गए हैं। हमीरपुर में भी सुबह पांच बजे से पहले ही एसडीएम, सीओ पुलिस फोर्स के साथ मस्जिदों के भ्रमण पर रहे। शहर की मस्जिदों के जिम्मेदारों से मिलकर उन्हें शासन द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी दी। हालांकि किसी भी मस्जिद में बाहर कोई लाउड स्पीकर लगा नहीं मिला है।

इधर कानपुर में गोविंद नगर, नई सड़क समेत कई मस्जिदों से भोर पहर लाउडस्पीकर हटाए गए। पुलिस आयुक्त आर.के. स्वर्णकार के नेतृत्व में धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों पर लगे अवैध ध्वनि विस्तारक यंत्रों को विभिन्न थानाक्षेत्र के अन्तर्गत विशेष अभियान चलाकर हटवाए गए। बांदा में भी मस्जिदों और मंदिरों से लाउडस्पीकर हटाए गए हैं। वहीं चित्रकूट के एक मस्जिद से भी हटाया गया। फर्रुखाबाद में 37 स्थान पर आवाज कम कराई गई 9 स्थान से लाउडस्पीकर हटवाए गए। इधर ललितपुर में तीन मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाए गए। साथ ही कई मस्जिदों में वॉल्यूम कम कराया गया। कन्नौज में करीब 20 मस्जिदों में भी यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोतवाली उरई व जालौन कोतवाली क्षेत्र का भ्रमण कर धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर चेक किया गया एवं धार्मिक स्थलों के धर्मगुरुओं को मानक के अनुसार लाउडस्पीकर बजने हेतु निर्देशित किया गया तथा ड्यूटीरत पुलिस बल को विशेष सतर्कता बरतने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## हैदराबाद का नाम बदलकर भाग्यनगर कर देंगे, चुनाव प्रचार के दौरान जी किशन रेड्डी ने किया बड़ा वादा

**हैदराबाद (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी सत्ता में आई तो हैदराबाद का नाम बदलकर 'भाग्यनगर' कर दिया जाएगा। रेड्डी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'भाजपा सरकार तेलंगाना में सत्ता में आई तो हैदराबाद का नाम बदल दिया जाएगा। मैं पूछता हूं कि हैदर कौन है? क्या हैदर नाम की जरूरत है? हैदर कहां से आया? किसे हैदर की जरूरत है। भाजपा सत्ता में आई तो निश्चित रूप से हैदर नाम हटाकर शहर का नाम भाग्यनगर कर दिया जाएगा।' रेड्डी ने कहा कि मद्रास का नाम बदलकर चेन्नई भाजपा ने नहीं बल्कि द्रमुक सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि जब मद्रास का नाम चेन्नई, बंबई का नाम मुंबई, कलकत्ता का नाम कोलकाता और राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया गया है तो हैदराबाद का नाम बदलकर भाग्यनगर करने में क्या परेशानी है? उन्होंने कहा, 'अगर भाजपा सत्ता में आई तो हम वो सारी चीजें बदल देंगे जिनसे गुलामी की मानसिकता झलकती है।' उन्होंने कहा कि भाजपा नाम बदलने के संबंध में विद्वानों की राय भी लेगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तेलंगाना में अपनी चुनावी सभाओं में कहा है कि हैदराबाद का नाम भाग्यनगर और महबूबनगर का नाम पालामुरु कर देना चाहिए।

## गुरुद्वारे में खालिस्तानी समर्थकों ने भारतीय राजदूत के साथ की धक्का-मुक्की

### -गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने भारतीय राजदूत के साथ धक्का-मुक्की कर दी है। समर्थकों ने गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार न्यूयॉर्क में एक गुरुद्वारे के बाहर अमेरिका में भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू के साथ धक्का-मुक्की हुई। इतना ही नहीं उन पर सिख कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या करने और प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) संगठन के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। यह घटना 22 नवंबर को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची के उस बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए हैं और ये इनपुट दोनों देशों के लिए चिंता का कारण हैं और उन्होंने इस पर कार्रवाई करने का फैसला किया है।

यह घटना न्यूयॉर्क के हिक्सविले गुरुद्वारे में हुई, जहां एक व्यक्ति को निज्जर की हत्या के आरोप में संधू पर चिल्लाते हुए सुना जा सकता है, जिसकी इस साल जून में कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह खालसा ने एक वीडियो साझा किया, इसमें संधू चिल्लाते हुए लोगों से घिरे हुए हैं। उन्होंने एक्स पर कहा कि खालिस्तानियों ने गुरपतवंत (एसएफजे) की हत्या की असफल साजिश और खालिस्तान जनमत संग्रह अभियान में उनकी भूमिका के लिए भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू को आधारहीन सवालों से घेरने की कोशिश की है। न्यूयॉर्क के हिक्सविले गुरुद्वारे में खालिस्तान समर्थकों का नेतृत्व करने वाले हिम्मत सिंह ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की भूमिका के लिए राजदूत संधू पर भी आरोप लगाया है।

बता दें कि इस साल सितंबर में इसी तरह की एक घटना में, यूके में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी को कुछ खालिस्तानी कट्टरपंथियों ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में एक गुरुद्वारे में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी थी। एनआईए ने 20 नवंबर को सूचीबद्ध आतंकवादी पन्नू के खिलाफ उसके नवीनतम वायरल वीडियो पर एक नया मामला दर्ज किया था, इसमें एयर इंडिया से उड़ान भरने वाले यात्रियों को वैश्विक नाकाबंदी और 19 नवंबर से एयरलाइन के संचालन को बंद करने की धमकी दी गई थी।

## विशेषज्ञों की सिफारिशें मानी होतीं तो 41 मजदूरों की जान को नहीं होता खतरा

**उत्तरकाशी (एजेंसी)।** सिल्कयारा सुरंग में बीते एक पखवाड़े से फंसे 41 मजदूरों को निकालने में भारी दिक्कतें आ रहीं हैं। कभी ड्रिल मशीन खराब होती है तो कभी कोई और समस्या आ जाती है। इस तरह की घटनाएं दुबारा न हों इसके लिए जानकार अपने सुझाव देने के लिए सामने आए है। उन्होंने पत्रकारों से यहां तक कह दिया कि यदि सिफारिशों पर पूरी तरह अमल किया होता हो शायद मजदूरों की जान खतरे में नहीं पड़ती।

उत्तराखंड बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में भूगर्भ एवं पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर एसपी सती ने कहा वैधानिक तौर पर किसी भी सुरंग परियोजना के तहत आपात स्थिति में बाहर निकलने के लिए एक विशेष मार्ग के निर्माण को अनिवार्य किया गया है।' सिल्कयारा सुरंग और चार धाम परियोजना जैसी परियोजनाओं के लिए आम तौर पर पर्यावरण पर प्रभाव का आकलन (ईआईए) करने की आवश्यकता होती है। मगर इस परियोजना के लिए सरकार ने ऐसा कोई आकलन नहीं किया। पर्यावरण पर प्रभाव का आकलन करने संबंधी जरूरतों को दरकिनार करते हुए इस परियोजना को 100 किलोमीटर से छोटे कई खंडों में विभाजित किया गया था। इस परियोजना के लिए सरकार द्वारा पर्यावरण पर प्रभाव का आकलन न कराए जाने के सवाल पर सती ने कहा कि यह आकलन महज एक दिखावा है।

सती ने कहा, 'हमने देखा है कि सुरंग बनाने के दौरान ठेकेदार विस्फोटकों का इस्तेमाल करते हैं। यह दुर्घटना विस्फोटकों के इस्तेमाल के कारण भी हुई होगी। इसके अलावा, आपातकाल में बाहर निकलने के लिए बचाव मार्ग का न होना चिंताजनक है। उन्होंने पर्यावरण के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में मौजूद सभी परियोजनाओं के लिए व्यापक भूगर्भीय एवं भू-तकनीकी सर्वेक्षण कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। सती ने कहा, 'सुरंग के निर्माण संबंधी सुरक्षा नियमों की व्यापक समीक्षा करने की जरूरत है। इसके अलावा सभी सुरंग परियोजनाओं की देखरेख एवं निगरानी करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने की जरूरत है जिसमें विशेषज्ञों को शामिल किया जाना चाहिए।'

सर्वोच्च न्यायालय ने 2019 में एक समिति गठित की थी जिसने इस परियोजना के लिए उपचारात्मक उपायों का सुझाव दिया था। इस समिति के पूर्व अध्यक्ष रवि चोपड़ा ने कहा कि इस सप्ताह के आरंभ में पर्यावरण पर प्रभाव का आकलन करना आवश्यक था। उन्होंने कहा कि समिति ने केंद्र से त्वरित आकलन कराए जाने की सिफारिश की थी जिसे अधिकारियों ने नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह कथित तौर पर एक आपराधिक मामला बनता है। ईआईए अधिसूचना 2006 के अनुसार, परियोजना के दौरान जगहों में भौतिक बदलाव संबंधी किसी भी निर्माण, परिचालन आदि गतिविधियों के लिए सरकार को व्यापक आकलन रिपोर्ट देना अनिवार्य है। इसके अलावा ठेकेदार के लिए खनन एवं सुरंग सहित सभी भूमिगत कार्यों की व्यापक जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है।



एनडीएमए के सदस्य सैयद अता हसनैन ने इस सप्ताह के आरंभ में संवाददाताओं से कहा था, 'यह एक तरह का युद्ध है जहां दुश्मन हिमालयी भूगर्भ है।' विशेषज्ञों के अनुसार, हिमालय का भूगर्भ इतना नाजुक है कि बचाव के पयास में भी तमाम बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे पता चलता है कि चार धाम परियोजना जैसी परियोजनाओं की मंजूरी और कार्यान्वयन में काफी सावधानी बरती जानी चाहिए थी। बता दें कि उत्तराखंड में निर्माणाधीन सिल्कयारा-बरकोट सुरंग में पिछले दो सप्ताह से 41 मजदूर फंसे हुए हैं। सरकार और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा तमाम रणनीति बनाए जाने और बेहतरीन उपकरणों एवं विशेषज्ञता के साथ प्रयास किए जाने बावजूद उन्हें अब तक बाहर नहीं निकाला जा सका है।

# भारत/ ऑस्ट्रेलिया तीसरे टी20 : श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत के साथ पांच मैच की श्रृंखला में विजयी बढ़त बनाने के इरादे से उतरेगी जबकि अंतिम एकादश से बाहर होने की संभावना के बीच युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा छाप छोड़ने का प्रयास करेंगे।

विश्व कप फाइनल के बाद श्रेयस अय्यर को एक हफ्ते का आराम दिया गया था लेकिन रायपुर और बेंगलुरू में होने वाले अंतिम दो मुकाबलों के लिए वह टीम में वापसी करेंगे और रुतुराज गायकवाड़ की जगह उप कप्तान की भूमिका निभाएंगे। इसका मतलब है कि अय्यर को अंतिम एकादश में जगह मिलेगी और पूरी संभावना है कि वह वर्मा की जगह लेंगे। यह बदलाव हालांकि फॉर्म से अधिक संयोजन के कारण होगा। शुरुआती दो मुकाबलों में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन के बाद युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम बारसापारा स्टेडियम पर भी अपना दबदबा बनाना चाहेगी जहां की पिच पारंपरिक रूप से बल्लेबाजी की अनुकूल होती है।

इस मुकाबले के लिए 40 हजार दर्शकों के स्टेडियम में आने की उम्मीद है और उन्हें भारत के प्रतिभावान बल्लेबाजी क्रम से एक बार फिर दबदबे वाली बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। भारतीय बल्लेबाज शुरुआती दो मैच में 36 चौके और 24 छक्के जड़ चुके हैं। स्टीव स्मिथ, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस और एडम जंपा जैसे ऑस्ट्रेलिया के कुछ सीनियर खिलाड़ी नौ हफ्ते से अधिक समय से भारत में हैं और अब उन पर थकान का असर दिखने लगा है। उन्हें अगली श्रृंखला से पहले आराम की जरूरत होगी। ये चारों अगले महीने बिग बैश लीग में खेलेंगे।

भारत के शीर्ष क्रम ने शुरुआती दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है। यशस्वी जायसवाल, रुतुराज गायकवाड़ और कप्तान सूर्यकुमार यादव अर्धशतक जड़ने में सफल रहे हैं। विश्व कप के दौरान लगभग साढ़े पांच हफ्ते बेंच पर बिताने के बावजूद इशान किशन अच्छी लय में दिखे और उन्होंने लगातार दो अर्धशतक जड़े हैं। रिंकू सिंह दोनों मैचों में निचले क्रम में उम्दा पारियां खेलकर इस प्रारूप में फिनिशर की भूमिका पर खरे उतरने की कोशिश कर रहे हैं और उनकी नजरें टी20 विश्व कप से पहले



छठे स्थान पर अपनी जगह पक्की करने पर टिकी हैं।

भारत के पिछले सभी 12 टी20 मैच खेलने वाले वर्मा पहले दो मैच में सिर्फ 12 गेंद खेल पाए हैं। वर्मा पहले मैच में 209 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पांचवें नंबर पर उतरे और दो चौकों की मदद से 10 गेंद में 12 रन बनाए। तिरुवनंतपुरम में दूसरे टी20 में रिंकू को उनसे ऊपर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया और वर्मा को सिर्फ दो गेंद खेलने को मिली। यह देखना रोचक होगा कि क्या कप्तान सूर्यकुमार रायपुर में अगले मुकाबले के लिए अय्यर के टीम से जुड़ने से पहले खुद बल्लेबाजी क्रम में नीचे आकर वर्मा को अधिक गेंद खेलने का मौका देते हैं या नहीं।

भारतीय गेंदबाजों ने पहले मैच में 208 रन खर्च करने के बाद दूसरे मैच में बेहतर प्रदर्शन किया। पहले दो मैच में खाली गेंद की संख्या में अधिक फर्क नहीं था लेकिन दूसरे मैच में ओस के बावजूद भारतीय गेंदबाज बाउंड्री की संख्या में कटौती करने में सफल रहे। भारतीय गेंदबाजों ने पहले मैच में 45 जबकि दूसरे मैच में 44 खाली गेंद फेंकी। भारत के खिलाफ पहले मैच में 24 चौके लगे जबकि दूसरे मैच में यह संख्या आधी रह गई। विशाखापत्तनम में जोश इंग्लिस और स्टीव स्मिथ के खिलाफ काफी रन लुटाने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने दूसरे मैच में तीन विकेट चटकाकर मजबूत वापसी की। अर्शदीप सिंह ने भी डेथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया।

### संभावित प्लेइंग 11

**भारत:** रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, यशस्वी जयसवाल/तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह, शिवम दुबे/जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, मुकेश कुमार

**ऑस्ट्रेलिया :** मैथ्यू वेड, ट्रैविस हेड, स्टीव स्मिथ, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड, आरोन हार्डी, नाथन एलिस, केन रिचर्डसन/सीन एबॉट, जेसन बेहरेनडॉर्फ, एडम जम्पा

# इटली ने 47 साल बाद जीता डेविस कप का खिताब




**मलागा (एजेंसी)।** यानिक सिनर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इटली ने फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराकर 47 साल बाद डेविस कप 2023 का खिताब जीत लिया। स्पेन के मलागा में रविवार को टेनिस में दुनिया की चौथी वरीयता प्राप्त सिनर ने एलेक्स डि मिनोर को फाइनल के दूसरे एकल मुकाबले में 6-3, 6-0 से हराकर इटली की 2-0 से जीत सुनिश्चित की।

मातियो अर्नाल्डी ने पहले एकल मुकाबले में एलेक्सेई पोपिरिन को 7-5, 2-6, 6-4 से हराकर इटली को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में सिनर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवोक जोकोविच को एकल और युगल दोनों मुकाबलों में पराजित किया था। डेविस कप को टेनिस का विश्वकप कहा जाता है।

# भारत 2024 टी20 विश्व कप खिताब का बड़ा दावेदार: रवि शास्त्री

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप खिताब के लिए भारत को बड़ा दावेदार करार देते हुए सोमवार को यहां कहा कि चैम्पियन बनने के लिए इस टीम को आखिरी दो नॉकआउट मैचों में विजेता बनना होगा। भारतीय टीम को एकदिवसीय विश्व कप में शानदार अभियान के बाद फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। शास्त्री ने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा, 'कुछ भी आसानी से नहीं मिलता। यहां तक कि महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को भी विश्व कप जीतने के लिए छह विश्व कप का इंतजार करना पड़ा। आप विश्व कप (आसानी से) नहीं जीतते, एक विश्व कप जीतने के लिए आपको बहुत मेहनत करनी पड़ती है। उस बड़े दिन (फाइनल) अच्छा प्रदर्शन करना होता है।' उन्होंने कहा, 'फाइनल में पहुंचने के बाद यह मायने नहीं रखता कि आपने



टूर्नामेंट में पहले क्या किया है।' उन्होंने कहा, 'जब आप शुरुआती बाधा को पार कर लेते हैं तो सिर्फ शीर्ष चार टीम होती हैं और आपको आखिरी दो मैच में अच्छा करना होता है। उन दो मैचों में अगर आपका प्रदर्शन अच्छा रहा तो आप चैम्पियन बनते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा ही किया, वे अपने शुरुआती दो मैच हार गये थे लेकिन उन्होंने जब अच्छे प्रदर्शन की जरूरत थी तब अच्छा किया।' भारत के इस पूर्व हरफनमौला ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत के पास कई युवा खिलाड़ी हैं। टी20 विश्व कप का आयोजन चार जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होगा। उन्होंने कहा, 'वनडे प्रारूप में शायद यह आसान नहीं होगा क्योंकि आपको फिर से टीम का गठन करना होगा। लेकिन टी20 क्रिकेट (विश्व कप) में भारत गंभीर चुनौती पेश करेगा। टीम के मुख्य खिलाड़ियों की पहचान हो गई है और अब आपका ध्यान खेल के छोटे प्रारूप पर होना चाहिए।'

# ईशान किशन के पास धोनी और पंत को पीछे छोड़ देने का मौका

**मुंबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया अभी ऑस्ट्रेलिया से टी20 सीरीज खेल रही है। सीरीज से वर्ल्ड कप 2023 में उतरने वाले अधिकतर सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। टीम का कप्तान सूर्यकुमार यादव को बनाया गया हैं। भारतीय टीम 5 मैचों की सीरीज के पहले 2 मैच जीत चुकी है। दोनों ही मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने अर्धशतक जड़ा हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिहाज से अहम है। वर्ल्ड कप के मुकाबले जून 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में संयुक्त रूप से खेला जाना है। भारतीय टीम 2007 के बाद से टी20 वर्ल्ड कप का खिताब नहीं जीत सकी है।

विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 में 39 गेंद पर 149 के स्ट्राइक रेट से 58 रन बनाए थे। 2 चौका और 5 छक्का जड़ा। दूसरे मैच में ईशान ने 32 गेंद पर 52 रन बनाए। 3 चौका और 4 छक्का लगाया। स्ट्राइक रेट 163 का रहा। ईशान टीम इंडिया की ओर से अब तक 31 टी20 के मुकाबले खेल चुके हैं। उन्होंने 31 पारियों में 27 की औसत से 796 रन बनाए हैं। 6 अर्धशतक जड़ा है। 89 रन बेस्ट प्रदर्शन है।

ईशान कई मैच में बिना विकेटकीपर के ही उतर चुके हैं। लेकिन मौजूदा सीरीज के पहले दोनों मैच में वे विकेटकीपर के तौर खेल रहे हैं। वे बतौर विकेटकीपर अब तक 15 पारियों में 26 की औसत से 369 रन बना चुके हैं। 3 बार 50 से अधिक रन बनाए हैं। वहीं धोनी से लेकर ऋषभ पंत बतौर विकेटकीपर टी20 इंटरनेशनल में 2-2 ही बार 50 से अधिक रन बना सके। राहुल ने भी बतौर विकेटकीपर टी20 इंटरनेशनल में 3 बार 50 से अधिक रन बनाए हैं। यानी ईशान सीरीज में एक भी बार 50 से अधिक रन बना लेते हैं, तब टॉप पर पहुंच जाएंगे।

ईशान के ओवरऑल टी20 करियर की बात करें, तब वे अब तक 171 मैच की 163 पारियों में 29 की औसत से 4435 रन बना चुके हैं। 3 शतक और 26 अर्धशतक लगाया है। यानी 29 बार 50 से अधिक रन की पारी खेली है। नाबाद 113 रन बेस्ट प्रदर्शन है। वे 196 छक्के भी लगा चुके हैं। यानी ईशान 200 छक्के से सिर्फ 4 कदम दूर हैं।



# शुबमन गिल को मिली बड़ी जिम्मेदारी, आईपीएल 2024 से पहले गुजरात टाइटंस ने बनाया कप्तान

नई दिल्ली । फ्रेंचाइजी द्वारा हार्दिक पांड्या की ट्रेड के जरिए मुंबई इंडियंस में वापसी की पुष्टि के बाद शुबमन गिल को गुजरात टाइटंस का कप्तान नियुक्त किया गया है। हार्दिक ने दो सीजन के लिए गुजरात टीम का नेतृत्व किया जिसमें 2022 में टीम को आईपीएल खिताब दिलाया और 2023 में उपविजेता रहे। गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, 'शुभमन गिल ने पिछले दो वर्षों में खेल के उच्चतम स्तर पर कद और स्थिति में वृद्धि देखी है। हमने उन्हें न केवल एक बल्लेबाज के रूप में बल्कि क्रिकेट में एक नेता के रूप में भी परिपक्व होते देखा है। मैदान पर उनके योगदान से गुजरात टाइटंस को मदद मिली है, एक जबरदस्त ताकत के रूप में उभरे हैं, जो 2022 में एक सफल अभियान और 2023 में एक मजबूत प्रदर्शन के माध्यम से टीम का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनकी परिपक्वता और कौशल उनके ऑन-फील्ड प्रदर्शन में स्पष्ट है और हम एक युवा नेता के साथ एक नई यात्रा शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।' उन्होंने कहा, 'गुजरात टाइटंस के पहले कप्तान के रूप में हार्दिक पांड्या ने फ्रेंचाइजी को दो शानदार सीजन देने में मदद की है, जिसके परिणामस्वरूप एक आईपीएल चैंपियनशिप जीती और एक फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने अब अपनी मूल टीम मुंबई इंडियंस में लौटने की इच्छा व्यक्त की है। हम उनके निर्णय का सम्मान करते हैं और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।' कप्तानी मिलने पर गिल ने कहा, 'मुझे गुजरात टाइटंस की कप्तानी संभालने पर खुशी और गर्व है और इतनी अच्छी टीम का नेतृत्व करने के लिए मुझ पर भरोसा करने के लिए फ्रेंचाइजी को धन्यवाद देता हूं। हमारे पास दो असाधारण सीजन हैं और मैं क्रिकेट के हमारे रोमांचक ब्रांड के साथ टीम का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं।



# टी20 विश्व कप में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं रिंकू सिंह



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने कहा है कि वे टी20 में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले टी20 मैच में सूर्यकुमार यादव का विकेट गिरते ही जब टीम इंडिया के लिए जीत मुश्किल लग रही थी तब रिंकू सिंह ने संयम का परिचय दिया और धीरे धीरे स्कोर आगे बढ़ाते हुए टीम को 2 विकेट से जीत दिला दी। रिंकू ने चार चौकों की मदद से 22 रन बनाए जिसके कारण वह काफी सराहे गए। फैंस ने कहा कि वह टीम इंडिया के नए फिनिशर हो सकते हैं। बता दें कि अलीगढ़ के रहने वाले रिंकू ने अभी तक 6 टी20 मुकाबलों में देश का प्रतिनिधित्व किया है और 97.00 की औसत और 194 की आश्चर्यजनक स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए हैं। उन्होंने भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया टी20 सीरीज के दौरान कहा कि मैं तैयार हूँ। मैं भविष्य के मैचों के बारे में नहीं सोचता। अगर मुझे मौका मिला तो मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा। चाहे खेल का कोई भी प्रारूप हो, मैं अपना सौ प्रतिशत दूंगा। रिंकू सिंह ने कहा कि वैश्विक टूर्नामेंट में खेलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात होगी। मैं टीम इंडिया और इंडियन प्रीमियर लीग के लिए खेलने वाला अलीगढ़ का एकमात्र क्रिकेटर हूं। विश्व कप टीम का हिस्सा बनना मेरा सपना है। रिंकू ने कहा कि मुझे नहीं पता कि अगर मेरा नाम विश्व कप टीम में आएगा तो मैं कैसे प्रतिक्रिया दूंगा। मैं उस दिन का इंतजार करूंगा और उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं।

# श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने कहा- मेरा जीवन खतरे में

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने सोमवार को दावा किया कि देश के क्रिकेट प्रशासन में 'भ्रष्टाचार उजागर' करने के कारण उनके 'जीवन को खतरा' है और अगर उन्हें कुछ होता है तो इसके लिए राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और उनके स्टाफ प्रमुख जिम्मेदार होंगे। रणसिंघे ने संसद में कहा कि विक्रमसिंघे उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध के लिए फंसाने की कोशिश कर रहे हैं और एक वाहन से संबंधित गलत तथ्यों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि उनके द्वारा आयातित एक वाहन को अधिकारियों ने कर में हेरफेर के बहाने जब्त कर लिया है जिससे कि उन्हें झूठे आरोपों में फंसाया जा सके। रणसिंघे ने श्रीलंकाई क्रिकेट प्रशासन को चलाने के लिए एक अंतरिम समिति नियुक्त करने के अपने कदम का जिक्र करते हुए कहा, %क्या क्रिकेट में भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए मुझे यह इनाम मिलेगा? मैंने ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की।'

उन्होंने आगे सवाल किया कि राष्ट्रपति राजनीतिक



बदला क्यों ले रहे हैं जबकि खेल मंत्री के रूप में उन्होंने केवल भ्रष्टाचार को उजागर किया था। रणसिंघे के हवाले से कहा, 'मेरी जान को खतरा है, आज या कल मेरी हत्या हो सकती है। अगर मुझे कुछ होता है, तो राष्ट्रपति और उनके सलाहकार सगाला रत्नायके (राष्ट्रपति स्टाफ के प्रमुख) को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।'

इस महीने की शुरुआत में रणसिंघे ने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) प्रबंधन को बर्खास्त कर दिया था और पूर्व विश्व कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा को क्रिकेट बोर्ड को संचालित करने के लिए सात सदस्यीय अंतरिम समिति का प्रमुख नियुक्त किया था लेकिन अपील अदालत ने एक दिन बाद इसे बहाल कर दिया। हालांकि श्रीलंकाई संसद ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें देश के क्रिकेट संचालन बोर्ड को बर्खास्त किया गया था जो सरकारी हस्तक्षेप के समान था और इसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को श्रीलंका को निलंबित करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

श्रीलंकाई क्रिकेट में अराजकता राष्ट्रीय टीम के विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद सामने आई। 1996 में आईसीसी विश्व कप जीतने वाली श्रीलंका की टीम 2023 में दस टीम के टूर्नामेंट में नौवें स्थान पर रही। राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने रणसिंघे को अंतरिम समिति नियुक्त नहीं करने की सलाह दी थी और उन्हें आईसीसी की संभावित कार्रवाई की चेतावनी दी थी। विक्रमसिंघे के पास रणसिंघे को मंत्रिमंडल से हटाने और किसी अन्य को नियुक्त करने का अधिकार है।

# रोड्रिगो के दो गोल से रीयाल मैड्रिड ने कैडिज को 3-0 से हराया



स्पोर्ट्स डेस्क। रोड्रिगो के दो गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड रविवार को यहां कैडिज को 3-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग में शीर्ष पर पहुंच गया। रोड्रिगो ने 14वें और 64वें मिनट में गोल दागे। रोड्रिगो ने इसके अलावा ज्यूड बेलिंघम के 74वें मिनट में दागे गए गोल में मदद भी की। इस जीत से मैड्रिड अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसने गिरोना पर एक अंक की बढ़त बना ली है जो सोमवार को एथलेटिक बिलबाओ की मेजबानी करेगा। मैड्रिड तीसरे स्थान पर चल रहे एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक आगे है जिसने शनिवार को अपने घरेलू मैदान पर मालोर्का को 1-0 से हराया। मैच का एकमात्र गोल एंटोनी ग्रिजमैन ने किया। गत चैंपियन बार्सीलोना शनिवार को रेयो वालेकानो से 1-1 से ड्रॉ खेलकर चौथे स्थान पर बना हुआ है। लीग में सेविला का जीत का इंतजार सात मैच में पहुंच गया है। टीम को रीयाल सोसीदाद के खिलाफ 1-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। विलारीयाल ने जोस लुई मोरालेस की दूसरे हाफ में लगाई हैट्रिक की बदौलत ओसासुना को 3-1 से हराया।

# अब 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आईसीसी के सामने रोया पीसीबी, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने की मुआवजे की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड कप 2023 के बाद एक बार फिर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का रोना शुरू हो गया है। दरअसल, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के मेजबानी अधिकार के करार पर उसके साथ हस्ताक्षर करने का आग्रह किया और साथ ही जोर दिया कि अगर भारत राजनीतिक और सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उनके देश की यात्रा करने से इनकार करता है तो पीसीबी को इसकी भरपाई की जानी चाहिए।

पीसीबी के एक सूत्र ने बताया है कि, आईसीसी ने पाकिस्तान को टूर्नामेंट के मेजबान के रूप में चुना है। लेकिन उसने अभी तक उसके सात मेजबानी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। पीसीबी अध्यक्ष जका अशरफ और मुख्य परिचालन अधिकारी सलमान नसीर ने 2025 में फरवरी-मार्च में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर चर्चा करने के लिए अहमदाबाद में आईसीसी कार्यकारी बोर्ड से मुलाकात की थी।

सूत्रों का कहना है कि, पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के फिर से अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करने की संभावना पर चर्चा की और स्पष्ट किया कि किससी भी स्थिति में आईसीसी को टूर्नामेंट पर एकतरफ फैसला नहीं लेना चाहिए। इस सूत्र ने कहा कि पीसीबी अधिकारियों ने आईसीसी से कहा था कि अगर भारत सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में खेलने से मना करता है तो वैश्विक संस्था को एक स्वतंत्र सुरक्षा एजेंसी नियुक्त करनी चाहिए।

पीसीबी ने आगे कहा कि, ये एजेंसी भारत के अलावा भाग लेने वाली अन्य टीमों की सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए पाकिस्तान सरकार और सुरक्षा



अधिकारियों के साथ संपर्क कर सकती है। सूत्र ने कहा कि, उन्होंने ये भी स्पष्ट कर दिया है कि अगर भारत टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम नहीं भेजता है और उसके मैच दूसरे देश में कराए जाते हैं तो आईसीसी को इसके लिए पाकिस्तान को मुआवजा देना होगा।

# सिनर की अगुआई में इटली ने लगभग 50 साल में पहला डेविस कप खिताब जीता



स्पोर्ट्स डेस्क। यानिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपना मुकाबला जीता जिससे इटली ने रविवार को यहां फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर लगभग पांच दशक में पहला डेविस कप टेनिस खिताब अपने नाम किया। सिनर ने एलेक्स डि मिनोर को फाइनल के दूसरे एकल मुकाबले में 6-3, 6-0 से हराकर इटली की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। इटली का 1976 से यह पहला डेविस कप खिताब है। मातियो अर्नाल्डी ने पहले एकल में एलेक्सेई पोपिरिन को 7-5, 2-6, 6-4 से हराकर इटली को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। शनिवार को सर्बिया के खिलाफ सेमीफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवोक जोकोविच को एकल और युगल दोनों मुकाबलों में हराया था बाइस साल के सिनर ने इस हफ्ते अपने पाचों मुकाबलों में जीत दर्ज की। मलागा को अगले साल एक बार फिर डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ चरण की मेजबानी का मौका मिलेगा। स्पेन को वैलेंसिया में होने वाले ग्रुप चरण के लिए रविवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। इस साल फाइनल में जगह बनाने वाले इटली और ऑस्ट्रेलिया सितंबर में ग्रुप चरण में सीधे जगह बनाएंगे। क्वार्टर फाइनल में सर्बिया से हारने वाले ग्रेट ब्रिटेन को भी सीधे प्रवेश मिलेगा। महिलाओं के बिली जीन किंग कप फाइनल्स का आयोजन भी अगले साल एक बार फिर स्पेन के सेविले में ही होगा।

# यशस्वी का बल्ला दिखा रहा जमकर कमाल, रोहित और राहुल को भी पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया में यशस्वी जायसवाल का बल्ला इन दिनों कमाल दिखा रहा है। उन्होने राहुल और रोहित जैसे धुरंधरों को भी पीछे छोड़ दिया है। दरअसल सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम ने शुरुआती दोनों मैच जीत लिए हैं। इस तरह से टीम ने 5 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। अब नजर सीरीज जीतने पर है। रविवार को खेले गए दूसरे टी20 की बात करें, तो युवा बैटर यशस्वी जायसवाल ने 53 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। मैच में टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए 235 रन बनाए थे। जवाब में कंगारू टीम 191 रन ही बना सकी। भारतीय टीम ने यह मुकाबला 44 रन से जीता। सीरीज का तीसरा मुकाबला 28 नवंबर मंगलवार को गुवाहाटी में होना है। 21 साल के यशस्वी जायसवाल ने 6 ओवर के पावरप्ले में ही अर्धशतक बनाकर आउट हो गए। वे टी20 इंटरनेशनल में पहले 6 ओवर में भारत की ओर से सबसे अधिक रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने रोहित शर्मा से लेकर केएल राहुल तक को पीछे छोड़ दिया है। यशस्वी ने पारी में 25 गेंद का सामना किया। 212 की स्ट्राइक रेट से 53 रन बनाए। 9 चौका और 2 छक्का लगाया। यानी 48 रन तो उन्होंने सिर्फ बाउंड्री से बनाए। टी20 इंटरनेशनल में यशस्वी का स्ट्राइक रेट 173 का है, इससे उनकी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का अंदाजा लगाया जा सकता है।

बता दें कि यशस्वी से पहले टी20 इंटरनेशनल में भारत की ओर से पहले 6 ओवर के पावरप्ले में सबसे अधिक 50-50 रन रोहित शर्मा और केएल राहुल ने बनाए थे। केएल राहुल ने 5 नवंबर 2021 को स्कॉटलैंड के खिलाफ 19 गेंद पर 50 रन बनाए थे। 6 चौका और 3 छक्का लगाया था। स्ट्राइक रेट 263 का रहा था। वहीं रोहित शर्मा ने 29 जनवरी 2020 को न्यूजीलैंड के खिलाफ 23 गेंद पर 50 रन बनाए थे। 5 चौका और 3 छक्का जड़ा था। स्ट्राइक रेट 217 का रहा था। यशस्वी जायसवाल ने ओवरऑल टी20 में 2 शतक लगाए हैं और वे 13 अर्धशतक के दम पर 2100 से अधिक रन बना चुके हैं।



# गोभीवर्गीय सब्जियों के हानिकारक कीट एवं प्रबंधन

• डॉ. आर. एस. मराबी (सहायक प्राध्यापक) कीट विज्ञान विभाग,
• भुनेश्वरी देवी (एम.एससी. कृषि) प्रसार शिक्षा, कृषि महाविद्यालय, ज.ने.कृ.वि.वि., जबलपुर

**भारत को विश्व में गोभीवर्गीय सब्जियों के उत्पादन करने वाले देशों में द्वितीय स्थान प्राप्त है। गोभीवर्गीय सब्जियां शीतऋतु एवं ग्रीष्मऋतु में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलें हैं जैसे पत्तागोभी, फूलगोभी एवं गांठगोभी। वर्तमान में इन फसलों को हमारे किसान भाई एक नकदी फसल के रूप में उगा रहे हैं। इन सब्जियों का उपयोग हमारे भोजन में महत्वपूर्ण स्थान है जिसके द्वारा हमारे शरीर में आवश्यक पोषक तत्वों जैसे विटामिन्स, प्रोटीन, आयरन एवं क्रूड रेशेयुक्त आदि की पूर्ति होती है। गोभी के उपयोग विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार करने में किया जाता है। प्रायः देखा गया है कि पिछले कुछ दशकों से गोभीवर्गीय फसलों में विभिन्न प्रकार के कीट एवं व्याधियों का प्रकोप हो रहा है जिससे इनके उत्पादन में काफी कमी आयी है। गोभीवर्गीय सब्जियों को क्षति पहुंचाने वाले प्रमुख हानिकारक कीट जैसे हीरक पृष्ठ शलभ, पत्तागोभी की तितली, पत्तागोभी की अर्धकुण्लाकार इल्ली, तम्बाकू की इल्ली, माहू एवं चित्तीदार मत्कुण आदि हैं जो इस प्रकार के सब्जियों के उत्पादन को कम करने वाले मुख्य कारक हैं। अतः इन हानिकारक कीटों को समय पर पहचान कर उनके उचित प्रबंधन उपाय को अपनाकर इसके द्वारा होने वाले आर्थिक नुकसान से फसल को बचाया जा सकता है और किसान भाई इस प्रकार अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।**

**हीरक पृष्ठ शलभ (प्लुटेल्ला जाइलोसटेल्ला ):** इस



कीट के वयस्क शलभ भूरे रंग की होती हैं जिसके पंख संकरी भूरे सफेद तथा इनके पृष्ठ भाग में हीरे जैसे सफेद धब्बे पंखों के सिकुड़ने पर बनती है जिसके कारण इसे डायमंड बैक मॉथ कहते हैं। इसकी इल्ली अवस्था जब पूर्ण विकसित हो जाती है तो 8 मि.मी. लम्बी एवं हल्के पीले हरे रंग की जिसके शरीर पर कत्थई बालों के जैसे रोम होते हैं।

**क्षतिः** इस कीट की सिर्फ इल्ली अवस्था ही हानिकारक होती है। प्रारंभ में छोटी हरी इल्लियां पत्तियों के इपिडर्मिस को खुरचकर खाती हैं जिससे पत्तियों में सफेद धब्बे बन जाते हैं तथा पूर्ण रूप से विकसित इल्लियां पत्तियों में छिद्र कर फसल को नुकसान करती हैं। अधिक आक्रमण होने पर पूरी पत्तियां कंकालनुमा हो जाती हैं। यह कीट पत्तागोभी, फूलगोभी एवं गांठगोभी को अत्यधिक नुकसान पहुंचाती है।

**नियंत्रणः** फसल के कटाई उपरान्त पौधों के अवशेषों को एकत्र कर नष्ट कर दें। सरसों को प्रपंच फसल के रूप में पत्तागोभी एवं सरसों को 2:1 के अनुपात में, जिसमें सरसों को मुख्य फसल से 10 दिन पहले लगाने से हीरक पृष्ठ शलभ मादा कीट अपने अण्डों का निरोपण सरसों पर कर देती हैं जिन्हें उपयुक्त कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव कर नष्ट कर दें। वयस्क कीटों को आकर्षित करने के लिए फेरोमोन प्रपंचों को 12 नग प्रति हेक्टेयर के दर से लगायें। एक ही कुल के फसल को लगातार एक ही खेत में लगाने से बचें। नीम के बीज को सुखाकर उसके सत्व का 5 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर में छिड़काव करें। बेसिलस थूरेन्जेनेसिस कुर्सटकी नामक जैविक कीटनाशक दवाई 2 ग्राम या ट्रायक्लोरोफेन 50 ई.सी. का 1 मिली/लीटर या इमामेक्टिन बेन्जोएट 5 प्रतिशत को 0.4 ग्राम/लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। जैविक प्रबंधन हेतु खेत में प्राकृतिक शत्रुओं जैसे सिरफिड मक्खी, काक्सीनेलिड भृंग एवं मकड़ियों को संवर्धन करें।

**पत्तागोभी की तितली (पाइरिस ब्रेसीकी):** वयस्क तितली कीट 5 से 7 सेंटीमीटर लम्बी एवं पीला-सफेद रंग की होती है जिसके अग्र पंख के किनारे पर काले धब्बे एवं मादा वयस्क कीट के अग्र पंख पर 2 काले धब्बे पायी जाती है। इनके इल्लियां नीले हरे रंग होती हैं जिनके शरीर पर काले धब्बे पाये जाते हैं।



**क्षतिः** इस कीट की क्षतिकारक अवस्था इल्ली होती है। प्रथम इन्सटार की इल्ली पत्तियों के ऊपरी सतह से इपिडरमिस को खुरचकर खाती है एवं पूर्णविकसित इल्लियां पत्तियों के किनारे से खाती हैं। इस कीट के द्वारा अधिक नुकसान करने पर ग्रसित पत्तियों के सिर्फमुख्य शिरायें ही दिखायी देती हैं।

**नियंत्रणः** शुरुआती अवस्था में अण्डा निरोपित पत्तियों को एवं इल्लियों के समूह को एकत्र कर नष्ट कर देने से इसके द्वारा होने वाली आर्थिक क्षति से फसल को बचाया जा सकता है। खेत में इसके परिजीविव्याम कीट जैसे कोटेशिया ग्लोमेराटा का संवर्धन करें। रासायनिक कीटनाशक दवा फेनवलरेट 1 मि.ली. या ट्रायजोफास 40 ई.सी. 1.5 मि.ली. या कारटाप हाइड्रोक्लोराइड 2 मि.ली. मात्रा को प्रति लीटर पानी में मिलाकार छिड़काव करें।

**पत्तागोभी की अर्धकुण्लाकार इल्ली (थायसेनोप्लूसिया ओरीचैल्सिया):** इस कीट की इल्ली



थोड़ा हरे रंग की एवं शरीर के दोनों तरफएक-एक सफेद धारी होती है। वयस्क कीट लंबाई में लगभग 25 मिमी पंख विस्तार सहित होती है। इसके पंख भूरे मटमैले एवं अग्रपंखों पर एक सुनहरे चमकदार धब्बा पाया जाता है।

**क्षतिः** इस कीट की हानिकारक अवस्था इल्ली होती है जो प्रांरभ में पत्तियों पर छिद्र बनाकर नुकसान करती है तथा अत्यधिक आक्रमण होने पर पूरे पत्ती के हरे भाग को खा जाती है तथा शेष शिरायें ही दिखायी देती हैं।

**नियंत्रणः** भूमि में पड़े संखी अवस्था को नष्ट करने हेतु गहरी जुताई करें। प्रारंभ में खेत में इल्लियों के दिखायी देने पर उन्हें पकड़ कर नष्ट कर दें। वयस्क कीटों को आकर्षित करने हेतु प्रति हेक्टेयर के हिसाब से एक प्रकाश प्रंपच लगायें। वयस्क नर कीटों के आकर्षित करने हेतु फेरोमोन प्रपंच को 15 नग प्रति हेक्टेयर की दर से लगभग 15 मीटर की दूरी पर खेत में लगायें। कीटनाशक रसायन क्लोरोपायरीफास 20 ईसी को 2 लीटर या अधिक आक्रमण होने पर प्रोफेनोफॉस+साइपरमेथ्रिन 44 ई.सी. 1 लीटर प्रति हेक्टेयर के हिसाब से छिड़काव करें।

**तम्बाकू की इल्ली (स्पोडोप्टेरा लिटुरा):** वयस्क



शलभ कीट आकार में लगभग 22 मि.मी. एवं पंख विस्तार सहित 40 मि.मी. लम्बी होती है जिसके अग्र पंखों के रंग भूरे, धूसर एवं सफेद धब्बे होते हैं। पिछले पंखों के रंग सफेद रंग के साथ भूरापन लिए हुए होते हैं। प्रारंभिक अवस्था में इसके इल्लियों का रंग कुछ हरापन लिए हुए सिर पर दो काले धब्बे होते हैं। पूर्ण विकसित इल्ली के शरीर पर प्रत्येक उदरीय खण्ड पर दोनों तरफ एक-एक काले एवं भूरे धब्बे तथा धूसर एवं गहरे भूरे रंग के तथा इनके पार्श्व सतह पर लहरियादार भूरे सफेद लाइन होती है। प्रारंभ में इसकी इल्ली पत्तियों के हरे भाग को खुरचकर खाती हैं जिससे प्रभावित पत्तियों की सतह सफेद हो जाती है। पूर्ण विकसित इल्ली फूलगोभी एवं पत्तियों में छेदकर हानि पहुंचाती है।

**नियंत्रणः** खेत में हमेशा साफ -सफाई बनाये रखें। भूमि में पड़े संखी या प्यूपा अवस्था को नष्ट करने हेतु गहरी जुताई करें। प्रपंच फसल के रूप में फसल के चारों तरफ अरंडी को लगाने से मुख्य फसल सुरक्षित रहती है। हाथों से अण्डों के गुच्छों एवं इल्लियों को एकत्र कर नष्ट कर दें। वयस्क कीटों को आकर्षित करने हेतु एक प्रकाश प्रंपच प्रति हेक्टेयर के हिसाब से लगायें। वयस्क नर कीटों के आकर्षित करने हेतु फेरोमोन प्रपंच को 15 नग प्रति हेक्टेयर की दर से लगभग 15 मीटर की दूरी पर खेत में लगायें। 250 इल्लियों के समतुल्य एस.एल. न्यूक्लियर पोलीहाईड्रोसिस विषाणु नामक दवा को 2.5 किग्रा गुड़ एवं 0.1 प्रतिशत टिपाल मिलाकार छिड़काव करें या क्लोरोपायरीफास 20 ईसी को 2 लीटर प्रति हेक्टेयर के दर से लगभग 400 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।

**माहू या चेंपा (ब्रेविकारनी ब्रेसिकी):** इस कीट के शरीर का आकार नाशपाती के फल जैसे होते हैं। इस



कीट के शीशु अवस्था प्रारंभ में हरा फिर पीलापन तथा वयस्क कीट के शरीर का रंग पीला-हरापन लिए हुए होती है तथा इनके आठवें खंड के उदरीय भाग पर एक जोड़ी कोर्निकल्स पायी जाती है जो कि शहद जैसी तरल पदार्थ स्त्रावित करती हैं जो बाद में कवक बीमारी फैलाती है। वयस्क कीट पंखहीन एवं पंखयुक्त दोनों प्रकार के होते हैं, पंख हरे रंग के होते हैं।

**क्षतिः** इस कीट के शीशु एवं वयस्क दोनों ही अवस्थायें फसल को नुकसान पहुंचाती हैं। इस कीट के मुखांग चुभाने एवं चूसने वाले होते हैं जिससे ये पत्तियों से रस चूसकर फसल को गोभीवर्गीय सब्जियों को हानि पहुंचाती हैं जिसके कारण ग्रसित पौधे पीलापन लिये सिकुड़ जाती हैं एवं पौधों की वृद्धि रूक जाती है। पौधों पर कीटों की संख्या ज्यादातर पत्तियों की निचले सतह एवं शीर्ष पर पाये जाते हैं।

**नियंत्रणः** पंखयुक्त वयस्क कीटों को मारने हेतु पीलापान स्टीकी ट्रेप (चिपचिपा प्रपंच) लगायें। अधिक प्रकोप होने पर दैहिक/सर्वांगी रासायनिक कीटनाशक दवाई जैसे डाइमेथोयेट 30 ईसी का 2 मिली या एसिटामिप्रिड 20 एस पी का 0.2 ग्राम प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। यदि आवश्यक हो तो 15 दिन बाद इनमें से किसी एक दवा का फिर से छिड़काव करें।

**चित्तीदार मत्कुण (बगराडा हिलेरिस):** वयस्क कीट का आकार लंबाई में लगभग 5 मि.मी. एवं चौड़ाई में 4 मि.मी. के होते हैं। यह कीट चमकीले काले रंग के होते हैं तथा बीच-बीच में नारंगी एवं पीले



रंग के चकत्ते होते हैं। मत्कुण कीट का सिर छोटा तिकोना आंखें काली तथा एन्टिनी पांच खण्डीय होते हैं। इसके पीठ जिसे स्कूटेलम कहते हैं काफी बड़ा होता है।

**क्षतिः** इस कीट के शिशु एवं प्रौढ़ दोनों ही अवस्थायें क्षतिकारक होती है जिनके चुभाने एवं चूसने वाले मुखांगें होते हैं। दोनों अवस्थायें पत्तियों, कोमल तनों एवं फूलों से रस चूसती हैं। ग्रसित पौधों पर काले कवक का भी आक्रमण हो जाता है जिससे पौधों के विभिन्न भागों पर काले धब्बे दिखायी देते हैं। ग्रसित पौधों की वृद्धि रूक जाती है जिससे सब्जियां बाजार में बेचने योग्य नहीं होते।

**नियंत्रणः** खेत की साफ-सफाई एवं खरपतवार रहित बनाये रखें। शिशु एवं प्रौढ़ों को हस्त जाल से पकड़कर नष्ट कर दें। खेत में सिंचाई करते समय पानी में क्रूड आयल को लगभग 4.5 किग्रा प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मिला दें जिससे भूमि के दरारों में छिपे कीट मर जाते हैं। अधिक प्रकोप होने पर दैहिक/सर्वांगी रासायनिक कीटनाशक दवाई जैसे इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस.एल. 0.25 मिली. प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।






# रणबीर कपूर ने की संदीप रेड्डी वांगा की तारीफ, एनिमल में साथ काम करने के अनुभव को बताया अद्भुत

बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर अपनी आगामी एक्शन-थ्रिलर फिल्म एनिमल को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। ट्रेलर देखने के बाद फिल्म देखने के लिए दर्शकों का उत्साह और बढ़ गया है। इस फिल्म का निर्देशन अर्जुन रेड्डी और कबीर सिंह फेम निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने किया है। हाल ही में रणबीर ने उनके साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया है। इससे जुड़ा अभिनेता का एक वीडियो सामने आया है। रणबीर कपूर के साथ-साथ एनिमल की बाकि टीम इस वीडियो में अपने प्रशंसकों और मीडिया के साथ बातचीत करते हुए दिख रही है। निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा भी मंच साझा करते दिखाई दे रहे हैं। रणबीर ने इस दौरान फिल्म में संदीप के साथ काम करने के बारे में बात की है। रणबीर कपूर ने कहा, मुझे लगता है, बहुत ही अद्भुत अनुभव रहा है। क्योंकि ये, मेरे हिसाब से, इतने ओरिजिनल लेखक और निर्देशक हैं, इनके कोई भी क्षण, कोई भी सीन, जिंदगी में कभी देखा नहीं है, कभी महसूस नहीं किया है। फिल्म में रणबीर के साथ नजर आने वाली साउथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को देखते हुए अभिनेता ने कहा, हम कितनी बात करते थे वे सेट पर, कि ये सब, संदीप की निजी जिंदगी में हुआ होगा, क्योंकि कहां से आते हैं ये सब आइडियाज। उन्होंने आगे कहा, यह बहुत प्रेरणादायक रहा है। हम जैसे कलाकारों को उनके जैसा फिल्म निर्माता मिले। इनकी जो आवाज है, इनकी जो सोच है वो इतने ओरिजिनल हैं कि अभिनेता, हम मरते हैं कि ऐसी फिल्म पर काम करें। ऐसे निर्देशक के साथ काम करें। इसलिए, यह बहुत ही अद्भुत अनुभव रहा है।



# मालविका राज की प्रणव बग्गा संग हुई सगाई

अभिनेत्री मालविका राज को कभी खुशी कभी गम में युवा पूह का किरदार के लिए जाना जाता है। पूह यानी मालविका अब बड़ी हो गई हैं और अपने बॉयफ्रेंड प्रणव बग्गा से शादी करने के लिए तैयार है। आज यानी 23 नवंबर को मालविका राज ने मुंबई में प्रणव बग्गा से सगाई कर ली है, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सामने आई है। कपल की रिंग सेरेमनी में बॉलीवुड की बड़ी हस्तियां शामिल हुईं। मालविका राज और प्रणव बग्गा की रिंग सेरेमनी में जैकी श्रॉफ और उनकी पत्नी आयशा श्रॉफ ही नहीं भाग्याश्री अपने बेटे अभिमन्यु दासानी के साथ पहुंची। वहीं, रवीना टंडन हरे और नीले रंग की ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इसके अलावा मालविका राज की दोस्त बरखा भी उनके इस खास दिन पर शामिल हुईं।

# पैरामिलिट्री ऑफिसर के रोल में दिखेंगे, रोल के लिए वजन घटाना शुरू किया

सलमान खान की अपकमिंग फिल्म द बुल करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनेगी। इस फिल्म को डायरेक्टर विष्णु वर्धन डायेरक्ट करेंगे। यह दूसरा मौका है, जब सलमान और करण एक साथ काम करेंगे। इससे पहले सलमान को उनकी फिल्म कुछ-कुछ होता है में देखा गया था। हालांकि इस फिल्म में उनका स्क्रीन टाइम कम था। वहीं आने वाले प्रोजेक्ट्स में किक 2 और दबंग 4 का नाम भी शामिल है। डायरेक्टर सूरज बड़जात्या की एक फैमिली एंटरटेनर फिल्म में भी सलमान को देखा जाएगा। फिल्म द बुल में सलमान पैरामिलिट्री ऑफिसर के रोल में दिखेंगे, जिसकी तैयारी के लिए उन्होंने वजन कम करना शुरू कर दिया है। फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग इसी नवंबर के लास्ट में शुरू हो सकती है। इन बातों का खुलासा सलमान ने खुद एक इंटरव्यू में किया है।

**नेशनल अवॉर्ड विनर है फिल्म शेरशाह के डायरेक्टर विष्णु वर्धन**

फिल्म शेरशाह डायरेक्टर विष्णु वर्धन की पहली डायरेक्टोरियल फिल्म थी। इस फिल्म के लिए उन्हें इस साल नेशनल अवॉर्ड के स्पेशल ज्यूरी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। अवॉर्ड पाने के बाद विष्णु वर्धन ने बातचीत में कंफर्म किया था कि वो अलगे प्रोजेक्ट पर करण जौहर के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया था- मुझे गर्व है। यह एक सम्मान की बात है। अभी मैंने एक रीजनल फिल्म की शूटिंग खत्म की है और अब मुझे अपना अगला प्रोजेक्ट करना है, जोकि करण जौहर के साथ है।

**10 जनवरी से शुरू होगी अगले शेड्यूल की शूटिंग**

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में सलमान पैरामिलिट्री ऑफिसर के रोल में दिखाई देंगे। इसके लिए उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है। फिल्म में उनका खास लुक है, जिसके लिए उन्हें वजन कम करना होगा। इसके पर भी उन्होंने काम करना शुरू कर दिया है। फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग नवंबर के लास्ट से शुरू होगी जोकि आधे दिसंबर तक चलेगी। इसके बाद सलमान कुछ समय के लिए ब्रेक लेंगे। इसके बाद वो 10 जनवरी से 30-45 दिन के शूटिंग के लिए वापस लौटेंगे।

# सलमान को भाई और दोस्त मानते हैं इमरान हाशमी



इमरान हाशमी इन दिनों सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में खलनायक आतिश रहमान की भूमिका के लिए प्रशंसा बटोर रहे हैं। फिल्म में उनकी शानदार अदाकारी लोगों को काफी पसंद आ रही है। हाल ही में अभिनेता सुपरस्टार सलमान के साथ अपने रिश्ते पर चर्चा करते नजर आए। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि वे उन्हें (सलमान) भाई कहकर संबोधित नहीं करते हैं। इमरान ने कहा कि वे शब्दों के बजाय अपनी कार्यशैली से सम्मान प्रदर्शित करने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही वह भाई शब्द का इस्तेमाल न करें, लेकिन वह सलमान को भाई और दोस्त मानते हैं। इमरान के मुताबिक, सम्मान का असली सार व्यवहार में निहित है और वह अपने परिवार की परवरिश के आधार पर इस सिद्धांत का पालन करते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे फिल्म सेट पर सभी का समान रूप से सम्मान करते हैं। बता दें कि हाल ही में एक बातचीत में अभिनेता ने टाइगर 3 को अपने करियर की सबसे बड़ी फिल्म करार दिया था। वहीं, टाइगर 3 की बात करें तो यह इमरान के लिए अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने अब तक 250 करोड़ से अधिक का कारोबार कर लिया है। अगर यह फिल्म इस वीकएंड पर अच्छा उछाल लेती है तो इसके 300 करोड़ में पहुंचने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ जाएगी।

# ओटीटी पर स्वतंत्र सामग्री की कमी पर चिंतित हैं मनोज बाजपेयी

**अभिनेता मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म जोरम का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस थ्रिलर ड्रामा फिल्म से जुड़ी हर खबर पर फैंस की नजर है। अभिनेता इसके अलावा कई वेब सीरीज में भी नजर आ चुके हैं। हालांकि, मनोज का मानना है कि ओटीटी में अभी तक स्वतंत्र सामग्री की कमी है। अभिनेता ने इस विषय पर चिंता भी जताई है। तो चलिए जानते हैं कि मनोज ने क्या कहा है।**

हाल ही में एक इंटरव्यू में, मनोज बाजपेयी ने स्ट्रीमिंग सेवाओं पर बात करते हुए एक महत्वपूर्ण बदलाव की ओर इशारा किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन प्लेटफार्मों का प्रारंभिक ध्यान स्वतंत्र सिनेमा को बढ़ावा देने पर था, लेकिन अब कहीं न कहीं यह खो गया है। मनोज ने कहा, स्वतंत्र सिनेमा आंदोलन जो शुरू हुआ था और जिसे ओटीटी प्लेटफार्मों से इस तरह का मार्गदर्शन मिल रहा था, वह खत्म हो गया है। और यह एक बहुत दुखद विकास है। उन्होंने इस दिशा में पहले के प्रयासों की सराहना करते हुए नई आवाजों को आगे करने और उनके लिए मंच प्रदान करने की भी प्रशंसा की है। उन्होंने आगे स्वतंत्र फिल्मों के सामने आने वाली चुनौतियों पर जोर देते हुए कहा कि सुबह 9 बजे जैसे शो के लिए शेड्यूल करने से उनके लिए लोकप्रियता हासिल करना लगभग असंभव हो जाता है। बाजपेयी ने मंचों से मेंटरशिप पहल को दोबारा लाने की गुजारिश की है। हालांकि, अभिनेता ने यह भी कहा है कि ओटीटी पर स्वतंत्र सामग्री लाने से कई चीजों में सुधार देखने को मिल सकता है। वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेता अपनी आगामी फिल्म जोरम को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। हाल ही में, फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि मनोज बाजपेयी का किरदार दसरू अपने परिवार के साथ गांव में रहता है, लेकिन आगे चलकर उनकी जिंदगी में एक बड़ा मोड़ आता है, जब उन्हें अपनी जान बचाने के लिए गांव छोड़कर मुंबई जाना पड़ता है।

# प्रभास की स्पिरिट पर संदीप रेड्डी वांगा ने दिया अपडेट

संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म एनिमल की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना अभिनीत एनिमल संदीप रेड्डी वांगा की दूसरी हिंदी फिल्म है। कबीर सिंह के बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के बाद संदीप रेड्डी वांगा इस अपनी अगली फिल्म के लिए उत्साहित हैं। जहां एक तरफ निर्देशक इस फिल्म की रिलीज के लिए जमकर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी अगली फिल्म स्पिरिट की शूटिंग पर अपडेट दिया है।

संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल का काफी बज बना हुआ है। फिल्म को लेकर जितनी उत्साहित इसकी टीम है उतने ही जोश में दर्शक भी हैं। इस फिल्म को लेकर हो रही चर्चा के बीच फिल्म निर्माता संदीप रेड्डी वांगा ने अब प्रभास के साथ अपनी अगली हिंदी फिल्म स्पिरिट को लेकर फैंस को अपडेट दिया है। दरअसल, हाल ही में संदीप रेड्डी वांगा एनिमल का प्रचार करने के लिए सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण के शो अनस्टॉपेबल एनबीके में पहुंचे थे। इस शो में उन्होंने बताया कि दर्शक कब उनकी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू होने की उम्मीद कर सकते हैं।

शो अनस्टॉपेबल विद एनबीके में होस्ट नंदमुरी बालकृष्ण निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से पूछते नजर आए कि, मेरा पोता देवांश प्रभास की स्पिरिट फिल्म के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। हम शूटिंग कब शुरू होने की उम्मीद कर सकते हैं? इस पर निर्देशक ने जवाब दिया, फिल्म अगले साल 2024 में सितंबर में फ्लोर पर जाने वाली है। बता दें, इस साल की शुरुआत में निर्माता भूषण कुमार ने भी कहा था कि, अभी, मैं चाहता हूं कि दर्शक एनिमल पर ध्यान केंद्रित करें। उसके बाद हम स्पिरिट पर काम शुरू करेंगे। हम पांच से छह महीने का गैप लेंगे और फिर स्पिरिट शुरू करेंगे।

# सैम बहादुर के लिए पहली पसंद नहीं थे विक्की कौशल, मेघना गुलजार ने इस अभिनेता को दिया था ऑफर



विक्की कौशल सैम बहादुर में वास्तविक जीवन के हीरो फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का किरदार निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सैम बहादुर के ट्रेलर ने फिल्म के लिए फैंस के बीच जबर्दस्त उत्साह पैदा किया है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि वे इस किरदार के लिए निर्देशक मेघना गुलजार की पहली पसंद नहीं थे? रिपोर्ट्स के अनुसार, यह किरदार पहले बॉलीवुड के एक और सुपरस्टार को ऑफर किया गया था, जिन्होंने हाल ही में एक हिट फिल्म दी है। वह कोई और नहीं बल्कि रणवीर सिंह हैं। कहा जा रहा है कि जब मेघना गुलजार छपाक में दीपिका पादुकोण के साथ काम कर रही थीं, तब उन्होंने इस रोल के लिए रणवीर से संपर्क किया था और उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक थीं। हालांकि, जब उन्होंने रणवीर को इस भूमिका की पेशकश की



तो अभिनेता के पास जोया अख्तर की गली बॉय, कबीर खान की 83 से लेकर करण जौहर की तख्त तक की स्क्रिप्ट की भरमार हो गई, जबकि मेघना ने स्क्रिप्ट की कहानी बताने के लिए रणवीर के समय का इंतजार किया, लेकिन अभिनेता ऐसा नहीं कर सके और तभी मेघना ने बिना सोचे-समझे इस भूमिका के लिए विक्की कौशल से संपर्क किया, जिन्होंने इस किरदार को निभाने के लिए हां कर दी। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी यह फिल्म सैम मानेकशॉ के जीवन के बारे में है, जो 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान सेना प्रमुख थे और फील्ड मार्शल बनने वाले पहले भारतीय सेना अधिकारी थे। विक्की कौशल के अलावा फिल्म में सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख के साथ अन्य भी प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म एक दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म की सीधी टक्कर संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल से होगी।





# शादी से लौट रहे युवकों से रोडरेज में मारपीट, धमकी देकर फरार

**नोएडा (चेतना मंच)।** फरीदाबाद में आयोजित शादी समारोह से वापस लौट रहे चार युवकों के साथ रोडरेज की घटना में मारपीट की गई। आरोपी मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित युवकों ने थाना सेक्टर-126 में दो नामजद सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।



ग्राम याकूदपुर निवासी रोहित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बीते 25 नवंबर की रात्रि को वह अपने भाई दीपक, प्रवीण तथा राहुल के साथ फरीदाबाद में आयोजित एक शादी समारोह में हिस्सा लेकर वापस अपने घर लौट रहे थे। उनकी कार जैसे ही पुश्ता रोड जेपी हॉस्पिटल के पास पहुंची तो पीछे से एक अर्टिगा कार ने उनकी कार को ओवरटेक करने की कोशिश की। जगह कम होने के कारण वह अर्टिगा कार को साइड नहीं दे पाए। इस दौरान अर्टिगा कार चालक लगातार उन्हें ओवरटेक करने का प्रयास करता रहा। कुछ आगे जाकर अर्टिगा कार ने उनकी गाड़ी को ओवरटेक कर रुकवा लिया। अर्टिगा कार से निकले चार युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसके गले में पहनी हुई चेन भी कहीं गिर गई।

पीछे से किसी वाहन को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। रोहित ने ग्राम मंगरौली निवासी मुकुल पुत्र देवेंद्र व आकाश पुत्र प्रदीप सहित दो अन्य ज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# मेरठ से नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हुआ सीधा कनेक्ट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा मेरठ के लिए बस सेवा की मांग की जा रही थी। जिसे पूरा करते हुए जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कस्बा से यमुना एक्सप्रेसवे -परिचौक से नोएडा सेक्टर 37 होते हुए मेरठ के लिए बस सेवा को रवाना किया। बस के शुरू होने से नौकरी करने वालों, व्यापारियों, किसानों, वादकारों और छात्र-छात्राओं का अब मेरठ पहुंचना आसान हो जाएगा। यह बस सुबह सात बजे चलकर दस बजे मेरठ पहुंचेगी तथा शाम चार बजे मेरठ से जेवर के लिए आएगी।



जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि इस बस सेवा से मेरठ भी जेवर में बन रहे नोएडा अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सीधा कनेक्ट होगा और मेरठ वाले भी इस एयरपोर्ट का उपयोग करने में आसानी महसूस करेंगे। तथा यहां के व्यापारियों, किसानों, वादकारों और छात्र-छात्राओं का अब मेरठ आना जाना आसान होगा। सैंकड़ों ग्रामों और सैक्टरवासियों को भी इस बस सेवा से सहूलियत मिलेगी। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय और मेरठ कमिश्नरी जाने और लोगों को प्रशासनिक व रोजमर्रा के कार्य करने भी अब सुलभ होंगे।

## दूसरी बस सेवा भी जल्द होगी शुरू

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन की दूसरी बस सेवा भी शीघ्र आरंभ कराई जायेगी, जो जेवर से जहांगीरपुर, खुर्जा व बुलंदशहर होती हुई मेरठ जाएगी। इसी प्रकार एक अन्य बस का संचालन प्रस्तावित फ़िल्म सिटी के पास स्थित ग्राम भाईपुर ब्रह्मनाम से कराया जायेगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में परिवहन विभाग द्वारा यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सहयोग से 05 बसों की व्यवस्था करायी जा रही है, जो सभी ग्रामों और कस्बों से होती हुई सभी शिक्षण संस्थानों को कनेक्ट करेंगी। इन बसों का संचालन भी शीघ्र कराया जाएगा।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन नोएडा के एआरएम एनपी सिंह, एसीपी जेवर रुद्र प्रताप सिंह , जेवर नगर पंचायत के चेयरमैन नारायण माहेश्वरी, लायकराम पहाड़िया, हरिदत्त शर्मा, महेश चौधरी अधिवक्ता, दिनेश सिंह अधिवक्ता, मोहित शर्मा अधिवक्ता, खालिद खान अधिवक्ता, मोनू गर्ग, अमरपाल सिंह, संजय पराशर, रघुनंदन लाल शर्मा, फ़ाहिम कुरैशी, यामीन कुरैशी, कालू सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्राधिकरण के अधिकारियों को दिखाई टूटी हुई सड़कें, बंद नालियां व अतिक्रमण

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के उद्यमियों ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को आइना दिखाया। उन्हें टूटी हुई सड़कें, पानी की टँकी के आसपास बड़ी बड़ी झाड़ियां और अतिक्रमण, बन्द नालियां दिखाई। लगभग दो घण्टे के दौरे का असर भी दिखा। देखते देखते झाड़ियां बिल्डोजर से उन्हें साफ भी कराया गया।

ग्रेटर नोएडा कार्यालय (194,उद्योग केन्द्र-द्वद्य) में सोमवार को प्राधिकरण के अधिकारियों चेतराम सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (जल), मनोज कुमार ,वरिष्ठ प्रबंधक (प्रोजेक्ट),कमलेश कुमार (हैल्थ),कुलदीप शर्मा (JE), अखंड प्रताप(तकनीकी सुपरवाइजर) आदि के साथ उद्योग केंद्र में जल निकासी, टूटी हुई सड़कें, पानी की टंकी में उग रही झाड़ी और पानी की सप्लाई, पानी के बिल एवं अतिक्रमण आदि समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई।



प्राधिकरण की ओर से इनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। मीटिंग में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कक्कड़, अरविन्द शर्मा, सुभाष चौहान, अजय धीमन, आसिम खान, सुरेश जैन, राजेंद्र शर्मा, प्रवीण जैन,एस पी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## युवक की गला रेतकर हत्या, पार्क में मिली लाश

गाजियाबाद। गाजियाबाद के इंदिरापुरम की अभयखंड चौकी क्षेत्र के ग्रीन पार्क में मंगलवार सुबह एक युवक का शव मिला। युवक का गला रेतकर हत्या की गई और शव को ठिकाने लगाया गया है। युवक की उम्र करीब 25-26 वर्ष के आसपास है। पुलिस को लोगों ने पार्क में शव पड़ा होने की सूचना दी थी।

पुलिस शव की पहचान करने और हत्याकांड के कारण को जानने में जुटी है। फिलहाल पुलिस खाली हाथ है। सीसीटीवी की मदद, लोगों से पूछताछ कर कातिल का सुराग पाने में लगी है।

इलाके में शव मिलना चर्चा का विषय बना हुआ है। इंदिरापुरम में तीन दिन पहले सोसायटी में युवती का शव मिला था।




**यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे यातायात माह के दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मियों द्वारा ओखला बर्ड सैंक्चुअरी मेट्रो स्टेशन सेक्टर-94 पर जन सामान्य व ऑटो/टेंपो, ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों/संकेतों के प्रति जागरूक किया गया।**

# फर्जी परीक्षा देने वाले दो युवक गिरफ्तार, 10 लाख में हुआ था सौदा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-58, नोएडा पुलिस ने परीक्षा केन्द्र इंडस वैली पब्लिक स्कूल सैक्टर-62, नोएडा से फर्जी परीक्षा देने वाले वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से एक बैग जिसमें 2 मोबाइल व अन्य कागजात बरामद किये गए हैं। इस मामले में पुलिस को जालिम सिंह की तलाश है, जिसने परीक्षा में पास होने पर 10 लाख रुपये का भजनलाल से सौदा तय किया था।



पुलिस के अनुसार सोमवार यानि 27 नवम्बर 2023 को थाना सेक्टर 58 पुलिस ने परीक्षा केन्द्र इंडस वैली पब्लिक स्कूल सैक्टर-62, नोएडा से फर्जी परीक्षा देने वाले वाले दो अभियुक्त निलेश कुमार शर्मा पुत्र मदन सिंह शर्मा व भजनलाल पुत्र हिमतालाल निवासी ग्राम बागवास थाना भीलमाल जनपद जलोर राजस्थान को गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार रविवार 26 नवम्बर 2023 को इंडस वैली पब्लिक स्कूल सैक्टर-62, नोएडा नर्सिंग आफिसर रिटर्न एक्जामिनेशन 2023 के0जी0एम0यू0 लखनऊ के द्वारा आयोजित परीक्षा में जालिम सिंह परीक्षार्थी के स्थान पर अभियुक्त निलेश कुमार शर्मा द्वारा परीक्षा दी जा रही थी, बायोमेट्रिक वेरीफिकेशन के दौरान, सत्यापन करने पर परीक्षार्थी जालिम सिंह के स्थान पर अभियुक्त निलेश कुमार शर्मा द्वारा परीक्षा देना पाया गया व आधार कार्ड के वैरीकेशन पर भी दूसरे व्यक्ति का फोटो आ रहा था एवं दोनो फोटो आपस में मैच नही थें, जोकि धोखाधडी करके किसी दूसरे व्यक्ति जालिम सिंह के नाम पर परीक्षा देने आया था तथा अभियुक्त भजनलाल द्वारा परीक्षार्थी जालिम सिंह का फर्जी कूटरचित आधार कार्ड प्रपत्र तैयार कर षडयंत्र रचते हुये जालिम सिंह से उक्त परीक्षा को पास कराने हेतु 10 लाख रूपये तय किया था। वांछित जालिम सिंह के गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

# 50 लाख रुपए से कराए जाएंगे विकास कार्य : अंशु मावी



**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी ने निठोरा एवं खरखड़ी में संपर्क मार्गों के उदघाटन के दौरान कहा कि जिला पंचायत क्षेत्र में लाखों रुपए से विकास कार्य कराए जाएंगे, उन्होंने बताया कि निठोरा और खरखड़ी में 50 लाख रुपए की लागत से नालों और संपर्क मार्गों का निर्माण कराया जायेगा।

भाजपा की जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी ने ग्राम पंचायत खरखड़ी व निठोरा में बनने वाले संपर्क मार्गों का सैकड़ों ग्रामवासियों की उपस्थिति में नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया।

इस दौरान ग्राम पंचायत निठोरा व खरखड़ी में सैकड़ों ग्रामवासियों ने भाजपा नेता ईश्वर मावी और जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी का फूलमाला पहना कर भव्य स्वागत किया। उदघाटन कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ईश्वर मावी ने कहा कि क्षेत्र में विकास के कार्य लगातार होते रहेंगे। इस अवसर पर मौजूद निठोरा के ग्राम प्रधान सतवीर बैसोया, खरखड़ी के पूर्व प्रधान मंगते राम व महेश भट्टे वाले ने जिला पंचायत सदस्य अंशु सूरज मावी का आभार व्यक्त किया।

उद्घाटन समारोह में धर्मवीर प्रधान, महेश बैसोया, नरेश बैसोया, आजाद बैसोया, सोनिंद्र बैसोया, सुभाष बीडीसी, बसंत गुर्जर, रणजीत बैसोया, ठेकेदार प्रमोद शर्मा, अशोक भाटी, अमित धामा, मांगेराम, ज्ञानी प्रधान व रामवीर सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# होटलों को रेटिंग देने के नाम पर लाखों का चूना

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** साइबर ठग लोगों को नित नए नए तरीकों से अपने ठगी का शिकार बना कर लाखों रुपए हजम कर रहे हैं। थाना बिसरख क्षेत्र में एक व्यक्ति को नामी होटल को रिव्यू तथा रेटिंग देने के नाम पर साइबर ठग ने करीब 5 लाख रुपए ठग लिए।

पंकज कुमार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि गत दिनों उसके पास एक व्यक्ति का मैसेज आया। उक्त व्यक्ति ने होटलों को रेटिंग तथा रिव्यू देने के नाम पर उसे अपने टेलीग्राम ग्रुप में ऐड कर लिया। इस दौरान उसे होटल के रिव्यू तथा रेटिंग देने के नाम पर टास्क दिया गया। जालसाज ने उसे अपने बातों में फंसाकर उससे अलग-अलग अकाउंट में 499997 रुपए ट्रांसफर करवा लिए और जल्द ही अच्छे मुनाफे का आश्वासन दिया। निर्धारित अवधि बीतने के बाद जब उसके खाते में पैसे वापस नहीं आए तो उसने उत्तर नंबर पर बात करने का प्रयास किया इसके बाद उस पर और पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाए जाने लगा।

ठगे जाने का एहसास होने पर उसने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया और उसे ग्रुप से भी निकाल दिया। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज करवाया है।

# भाभी ने जबरन करवाने चाहे ननद के फेरे, सड़क पर हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा



**नोएडा (चेतना मंच)।** माता-पिता की मौत के बाद एक नाबालिक लड़की की जबरदस्त शादी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। नोएडा में नाबालिक किशोरी की भाभी ने अपने एक परिचित से किशोरी की शादी तय कर थी। किशोरी को जबरन आगरा लेकर जाया जा रहा था। नोएडा के एक सीएनजी पंप पर नाबालिक किशोरी ने आरोपियों के चंगुल से छुटकारा हंगामा कर दिया। जिसके बाद सड़क पर जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। मौके पर पहुंची थाना ईकोटेक 3 पुलिस ने किशोरी के अपहरण सहित अन्य धाराओं में महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना ईकोटेक 3 के प्रभारी ने बताया कि पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान सूचना मिली कि CRPF कैंप के पास स्थित सीएनजी पंप पर कुछ लोग एक किशोरी को जबरन कार में बैठाने का प्रयास कर रहे हैं और मौके पर काफी भीड़ जमा है। सूचना के आधार पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। इस दौरान 17 वर्षीय किशोरी रागिनी (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह जेजे कॉलोनी दिल्ली की रहने वाली है और उसके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है।

वह अपने भाई दिलखुश व भाभी सलोनी के साथ वर्तमान में इसको मेट्रो सेंटर के पास गुड़गांव में रह रही है। उसकी भाभी सलोनी अपने दोस्त पवन ठाकुर व चांदनी शर्मा के साथ मिलकर साजिश के तहत उसकी शादी अनजान शख्स जयदेव से कराना चाहते हैं।

किशोरी के मुताबिक वह नाबालिक है और भाभी द्वारा कराई जा रही शादी से खुश नहीं है। इसके बाद पुलिस ने मौके से अजय पुत्र गोपाल, जयदेव पुत्र गीतम सिंह व बबीता शर्मा पत्नी नरेंद्र शर्मा को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी के मुताबिक पकड़ी गई बबीता शर्मा, जयदेव की रिश्ते की बुआ लगती है। ग्राम मोहम्मदपुर थाना सिकंदरा जनपद आगरा की रहने वाली बबीता शर्मा ने बताया कि जयदेव उसके पास ही रहता है और उसकी शादी नहीं हुई है।

जयदेव ने शादी करने को कहा तो उसने अपने भाई की सगी साली चांदनी शर्मा से बातचीत की। चांदनी के दोस्त पवन ठाकुर ने शादी के लिए रागनी को दिखाया। रागिनी के पसंद आने पर उन्होंने शादी संबंधी कुछ रस्मे चिपियाना में पूरी की। फेरों के लिए आगरा का स्थान नियत हुआ था। इसके बाद वह रागिनी को अपने साथ लेकर आगरा जा रहे थे। रास्ते में सीएनजी पंप पर रागिनी ने शोर मचाना शुरू कर दिया इस दौरान किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दे दी।

थाना प्रभारी ने बताया कि इस बारे में जब रागिनी से बात की गई तो उसने बताया कि उसकी भाभी और उसके दोस्त पवन ने साजिश रच कर उसकी जबरन शादी करने का षड्यंत्र रचा है। आरोपी उसे बहला फुसलाकर शादी करने के लिए आगरा ले जा रहे थे। थाना प्रभारी के मुताबिक पुलिस ने मौके से जयदेव, अजय व बबीता शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है और सलोनी व पवन ठाकुर सहित सात लोगों के खिलाफ अपहरण व साजिश रचने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

# 10 लाख से अधिक लोगों ने उप्र पवेलियन का किया भ्रमण

## श्रेष्ठ विक्रेता, डिस्प्ले व यूनिक प्रोडक्ट के लिए तीन पुरस्कृत

## उप्र राज्य सूचना केन्द्र के प्रभारी निदेशक को भी किया सम्मानित



**नई दिल्ली (चेतना मंच)।** 14 नवंबर से 27 नवंबर तक चलने वाले भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का समापन हो गया। 14 दिन तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले मे उत्तर प्रदेश पवेलियन का भी विधिवत रूप से एमएसएमई मंत्री राकेश सचान द्वारा समापन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश पवेलियन के समापन के अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उत्तर प्रदेश पवेलियन के समापन की घोषणा की।

इस अवसर पर श्री सचान ने मैसर्स एफ0 के0 इंटरनेशनल , कानपुर को बेस्ट सेलर हेतु 21 हजार रुपये का प्रथम पुरस्कार, मेसर्स परम डेयरी, गाजियाबाद को बेस्ट डिस्पले के लिए 21 हजार रूपये का द्वितीय पुरस्कार तथा मेसर्स अरजव प्रोडक्ट, गौतम बुद्ध नगर को यूनिक प्रोडक्ट हेतु 21 हजार रूपये का तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश पवेलियन में लगे समस्त स्टालों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये। व्यापार मेंले में उत्तर प्रदेश को विशेष प्रशंसा पुरस्कार दिया गया।

उन्होंने उत्तर प्रदेश पवेलियन की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पवेलियन में लगभग 10 लाख से अधिक व्यक्तियों ने भ्रमण किया तथा उत्तर प्रदेश पवेलियन में लगे स्टॉलों से लोगों ने करोड़ो रूपये की खरीदारी भी की। श्री सचान ने इस मौके पर उप्र राज्य सूचना केन्द्र के प्रभारी निदेशक तथा उनकी टीम को भी प्रमाण-पत्र सौंपकर सम्मानित किया।



इस समापन कार्यक्रम के अवसर पर आयुक्त एवं निदेशक उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन श्री राजेश कुमार एवं वरिष्ठ अधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।